

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस
हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह
मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित

डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 संजोग गुप्ता ICC के नए CEO बने | सम्पादकीय | पाकिस्तान के साथ-साथ चीन के मोर्चे... | सोना 284 रू. कम होकर 96,737 रू. प्रति 10 ग्राम.. 5
वर्ष 17 अंक 158 E-mail: dholpur@hotmail.com धौलपुर, मंगलवार 08 जुलाई 2025 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## जस्टिस वर्मा केस में तुरंत एफआईआर की जरूरत-उपराष्ट्रपति धनखड़

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को जस्टिस वर्मा के घर में मिले अधजले नोटों के मामले में तुरंत एफआईआर की बात कही। उन्होंने कहा- यह न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह हमारी न्यायपालिका की नींव को हिला देने वाला है।

इस मामले की जड़ तक जाने की जरूरत है। कैश कहां से आया, ये जानना बहुत जरूरी है। केंद्र स्तर पर सरकार मजबूर है, क्योंकि 90 के दशक की शुरुआत में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण जस्टिस पर एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती है।

धनखड़ ने नेशनल एडवांस्ड लीगल स्टडीज यूनिवर्सिटी के सेमिनार में ये बातें कहीं। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम में 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। इसके बाद से ये सवाल खड़ा हुआ कि इतना कैश कहां से आया। जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से मिले कैश केस की जांच कर रहे पैनल की रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई है। 64 पेज की रिपोर्ट में कहा गया है कि हाईकोर्ट जज यशवंत वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का स्टोर रूम पर सीक्रेट या एक्टिव कंट्रोल था। यहीं 14 मार्च की रात आग लगने के बाद बड़ी संख्या में अधजले नोट मिले थे। रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा का पक्ष भी है, जिसमें उन्होंने कहा है कि जिस स्टोर रूम में नोटों की गड्डियां मिलने की बात की जा रही है, वहां उन्होंने या उनके परिवार ने कभी कोई पैसा नहीं रखा। वो एक ऐसी खुली जगह है, जहां हर किसी का आना-जाना होता है। उन्हें इस मामले में फंसाया जा रहा है। दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने इंटरनल इन्क्वायरी के बाद सुप्रीम कोर्ट को 21 मार्च को रिपोर्ट सौंपी थी। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा को ज्यूडिशियल काम देने से मना कर दिया है। अब जस्टिस वर्मा के 6 महीने की कॉल डिटेल्स की जांच की जाएगी।



## मोहर्रम जुलूस: रतलाम के सैलाना में बाजार बंद, चार आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम।** रतलाम के सैलाना में मोहर्रम के जुलूस के दौरान एक घटना का वीडियो वायरल होने के बाद तनाव की स्थिति बन गई। वीडियो में एक युवक मुंह में पेट्रोल भरकर आग को एक बैनर की तरफ फूंकता दिख रहा है। इस भगवा बैनर पर बड़े शब्दों में हिंदू राष्ट्र लिखा है। आग से बैनर आंशिक रूप से जल गया। घटना रविवार रात को मस्जिद चौराहे की है। वीडियो सोमवार सुबह वायरल हुआ। सर्व हिंदू समाज और अन्य धार्मिक-सामाजिक संगठनों ने घटना को जानबूझकर की गई हरकत बताया। इसे भगवा ध्वज का अपमान कहा। विरोधस्वरूप बाजार बंद रखा। हिंदूवादी संगठनों ने कहा- मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी ऐसा कर रहे युवक को नहीं रोका। उन्होंने आरोपी के खिलाफ रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, पुलिस वीडियो की सत्यता की पुष्टि कर रही है। एहतियातन इलाके में बल तैनात किया गया है।

## टर्किश कंपनी भारत में एयरपोर्ट पर सर्विस नहीं दे सकेगी, सुरक्षा कारणों से रोक को हाईकोर्ट ने सही माना

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 15 मई 2025 को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के जरिए सेलेबी और उसकी सहयोगी कंपनियों की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। केंद्र सरकार ने 15 मई 2025 को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के जरिए सेलेबी और उसकी सहयोगी कंपनियों की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। तुर्किये की ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो सर्विस कंपनी सेलेबी एविएशन की याचिका को आज यानी, 7 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।

याचिका में कंपनी ने अपनी सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती दी थी। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के हवाले से सेलेबी की मंजूरी रद्द की थी।



### 1958 में स्थापित कंपनी, दुनिया भर में 70 स्टेशनों पर काम करती है

सेलेबी एविएशन तुर्किये की एविएशन इंडस्ट्री में पहली निजी स्वामित्व वाली ग्राउंड हैंडलिंग सर्विस कंपनी है। यह ग्राउंड हैंडलिंग, कार्गो और वेयरहाउस मैनेजमेंट सर्विसेज प्रोवाइड करती है। 1958 में स्थापित, कंपनी आज दुनिया भर में 70 स्टेशनों पर काम करती है।

इसकी सर्विसेज में व्हीलचेयर सपोर्ट, रैंप सर्विसेज, पैसेंजर और कार्गो हैंडलिंग, वेयरहाउस मैनेजमेंट, ब्रिज ऑपरेशन, लाउंज मैनेजमेंट, और एयरक्राफ्ट क्लीनिंग आदि शामिल हैं। सेलेबी भारत में दिल्ली, कोचीन, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और गोवा सहित नौ हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज देता है।

### सेलिबी ने कहा था- वो तुर्किये की ऑर्गनाइजेशन नहीं

मंजूरी रद्द होने के बाद सेलेबी एविएशन इंडिया ने कहा था हम किसी भी मानक से तुर्किये की ऑर्गनाइजेशन नहीं हैं और कॉर्पोरेट गवर्नेंस, ट्रांसपेरेंसी का पूरी तरह से पालन करते हैं। किसी भी विदेशी सरकार या व्यक्तियों के साथ हमारा कोई राजनीतिक संबंध नहीं है।


कंपनी ने कहा- हमें विश्वास है कि फैक्ट, ट्रांसपेरेंसी और कॉमनसेंस मिसइन्फॉर्मेशन पर विजय प्राप्त करेंगे। ये ग्लोबली ऑपरेटेड कंपनी है। कंपनी में कनाडा, अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, सिंगापुर,यूएई और पश्चिमी यूरोप के अंतरराष्ट्रीय संस्थागत निवेशकों की 65 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## आतंकी तहव्वुर राणा 26/11 हमले के वक्त मुंबई में था, एनआईए की पूछताछ में कबूला

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** 26/11 आतंकी हमले के वक्त आतंकी तहव्वुर राणा मुंबई में था। यह बात उसने एनआईए की पूछताछ में कबूल की है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, राणा ने माना है कि वह पाकिस्तानी सेना का एजेंट है।

उसने बताया कि उसने डेविड कोलमैन हेडली के साथ पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के कई ट्रेनिंग सेशन किए थे। राणा ने यह भी कहा कि लश्कर असल में एक जासूसी नेटवर्क की तरह काम करता है। पूछताछ में शामिल मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच अब राणा को गिरफ्तार करके रिमांड पर लेने की तैयारी में है। अभी राणा एनआईए की न्यायिक हिरासत में है, जिसे दिल्ली की अदालत ने 9 जुलाई तक बढ़ा दिया है।



तहव्वुर को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था।

### मुंबई में खोला था इमिग्रेशन सेंटर

राणा ने पूछताछ में बताया कि मुंबई में उसने अपनी कंपनी का इमिग्रेशन सेंटर खुद के प्लान से खोला, ताकि हमले की तैयारी के लिए जगह और सुविधाएं मिल सकें। वहां किए गए लेन-देन को बिजनेस खर्चों में दिखाया गया। उसने यह भी स्वीकार किया कि छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसे स्थानों की खुद जाकर रेकी की थी।

## मराठी भाषा विवाद: हिंदुओं को पीटना पहलगाम हमले जैसा -मंत्री शेलार

आर.एन.एस


आशीष शेलार

**मुंबई।** मुंबई में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले मराठी बोलने को लेकर विवाद बड़ा सियासी मुद्दा बनता जा रहा है। हिंदीभाषी लोगों के खिलाफ हिंसा के बीच महाराष्ट्र के मंत्री आशीष शेलार ने पहलगाम आतंकी हमले और मुंबई में 'हिंदुओं' की पिटाई को एकसमान बताया है।

शेलार ने उद्धव-राज ठाकरे का नाम न लेते हुए रविवार को कहा कि राज्य देख रहा है कि कैसे कुछ नेता 'अन्य हिंदुओं की पिटाई का आनंद ले रहे हैं।' उनकी यह टिप्पणी उस घटना के बाद आई है, जिसमें स्न्रस कार्यकर्ताओं ने मुंबई में मिठाई की दुकान के मालिक की मराठी न बोलने पर पिटाई कर दी थी। इसके अलावा शनिवार को मनसे कार्यकर्ताओं ने शेयर बाजार निवेशक सुशील केडिया के वर्ली स्थित दफ्तर के कांच के दरवाजे तोड़ दिए थे। केडिया ने राज ठाकरे को चुनौती देते हुए कहा था कि वे मराठी नहीं बोलेंगे।

इधर, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे की हालिया टिप्पणियों की आलोचना की है और उन्हें 'दादागिरी' को बढ़ावा देने वाला बताया और एमएनएस कार्यकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की

## पुष्पा स्टाइल में बही लकड़ियों की सीआईडी जांच के निर्देश, पंडोह डैम केस में सच्चाई सामने आना जरूरी

आर.एन.एस


**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 24 जून को कुल्लू में बादल फटने के बाद पुष्पा स्टाइल में बाढ़ में बहकर पंडोह डैम पहुंची सैकड़ों टन लकड़ियों की सीआईडी जांच होगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आपदा प्रबंधन को लेकर चल रही मीटिंग में इसकी जांच के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा, पंडोह डैम में लकड़ियां कहां से बहकर आई, इसका पता लगाया जाएगा। वन विभाग ने अपने स्तर पर जांच की है। अब सीआईडी जांच करवाकर सच्चाई को सामने लाया जाएगा।

बता दें कि कुल्लू में बीते 24 जून को 4 जगह बादल फटा। इसके बाद हजारों टन लकड़ियां बहकर पंडोह डैम पहुंची थी। सोशल मीडिया पर इसे लेकर जनता ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। ठियोग से कांग्रेस विधायक कुलदीप राठौर ने भी वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री से इसकी उचित जांच मांगी और कहा कि जंगलों का विनाश तबाही का कारण बन रहा है।

## दिल्ली में एनएच-48 पर 2 किमी लंबा जाम, एमपी में भारी बारिश से शहडोल रेलवे स्टेशन में पानी भरा

आर.एन.एस

नई दिल्ली। देशभर में मानसून पूरी तरह से एक्टिव हो गया है। सोमवार को देशभर के सभी राज्यों में बारिश जारी है। दिल्ली के एनएच-48 पर कई जगह दो-दो किमी लंबा जाम लगा है। गाड़ियां घंटों से फंसी हुई हैं। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में तेज बारिश जारी है। इसके चलते बद्रीनाथ मार्ग कई जगहों पर बंद हैं। इधर, मध्यप्रदेश में भी बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। शहडोल में 24 घंटे में 4 इंच बारिश हुई। इससे 3000 से ज्यादा घरों में पानी घुस गया और रेलवे स्टेशन में भी पानी भर गया।



दिल्ली और आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह बारिश हुई, जिससे गर्मी से राहत मिली। हालांकि, कुछ जगहों पर जलभराव हो गया, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों और ऑफिस जाने वालों को परेशानी हुई। एनएच-48 पर पानी भर गया, इसके चलते कई जगह दो-दो किमी लंबा जाम लग गया।

उत्तराखंड के चार जिलों टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली में 7-8 जुलाई को भूस्खलन का हाई अलर्ट जारी किया गया है। भारी बारिश की संभावना है। सोमवार को भारी बारिश के चलते श्रीनगर और चमोली के पास कई जगह लैंडस्लाइड हुई, इससे बद्रीनाथ मार्ग बंद हो गया है।

गुजरात के नवसारी और कच्छ में भारी बारिश जारी है। इसके चलते नवसारी में पूर्णा नदी उफान पर है। वहीं, रिहायशी इलाकों में भी पानी भर गया है। इसके अलावा कच्छ में भी तेज बारिश से सड़कों पर पानी भर गया है। हिमाचल प्रदेश में 20 जून से 6 जुलाई तक बादल फटने की 19 घटनाएं हुईं। 23 बार बाढ़ और 19 बार लैंडस्लाइड हुई। राज्य में बारिश, बाढ़, लैंडस्लाइड और इससे हुए सड़क हादसों में अब तक 82 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य में 269 सड़कें बंद हैं।

## चंडीगढ़ कोर्ट से प्रीति जिंटा को राहत, अगली सुनवाई 7 अगस्त को

**चंडीगढ।** फिल्म अभिनेत्री और पंजाब किंग्स टीम की सह-मालकिन प्रीति जिंटा को चंडीगढ़ की अदालत से अस्थायी राहत मिली है। उन्होंने अपनी ही कंपनी केपीएच ड्रीम क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड के दो साथी डायरेक्टर मोहित बर्मन और नेस वाडिया के खिलाफ शिकायत की थी।

प्रीति का कहना है कि 21 अप्रैल को जो मीटिंग हुई, वो कंपनी के नियमों के खिलाफ थी, इसलिए उसे रद्द किया जाना चाहिए। हालांकि, 31 मई को ट्रायल कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद प्रीति ने ऊपरी अदालत में अपील की और मांग की कि जब तक अपील चल रही है, तब तक कंपनी की कोई नई मीटिंग या फैसला ना हो। अब अगली सुनवाई 7 अगस्त को होगी। तब तक कोर्ट ने सभी पक्षों से कहा है कि वे अपने दस्तावेज और जवाब दाखिल करें।

## तेलंगाना फैक्ट्री धमाका: मरने वालों का आंकड़ा 42 हुआ, 8 लापता

आर.एन.एस

**हैदराबाद।** तेलंगाना की फॉर्मा फैक्ट्री धमाके में मरने वालों का आंकड़ा 42 हो गया है। रविवार को एक व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि एक शव की पहचान डीएनए जांच से हुई है। 8 लोगों लापता हैं। हादसे से 6 दिन बाद भी सर्च ऑपरेशन जारी है।

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि शनिवार और रविवार को घटनास्थल से कुछ हड्डियां और शरीर के जले अंग मिले हैं। इनका ध्न्न टेस्ट चल रहा है। यदि इनका मिलान होता है तो लापता लोगों की संख्या घट सकती है। हादसा 30 जून को पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ था। घटना के दौरान फैक्ट्री में 150 लोग थे, जहां ब्लास्ट हुआ वहां 90 लोग मौजूद थे। उस दिन रेस्क्यू और मेडिकल टीम ने 31 शव बरामद किए थे। मृतकों के परिजन को 1 करोड़ 2 लाख रुपए का मुआवजा मिलेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की मदद की घोषणा की थी। वहीं, कंपनी ने मृतकों के परिजन को 1 करोड़ रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 10 लाख रुपए और अन्य घायलों को 5 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा की थी।






# मालिक फिल्म के प्रमोशन में जयपुर पहुँचे राजकुमार राव और मानुषी छिल्लर, बियानी कॉलेज के छात्रों ने दिखाया उत्साह



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित थ्रिलर फिल्म मालिक के प्रमोशन के तहत आज जयपुर स्थित प्रतिष्ठित राजमंदिर सिनेमा हॉल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर फिल्म के मुख्य कलाकार राजकुमार राव, मानुषी छिल्लर और निर्देशक पुलकित मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सितारों ने दर्शकों से सीधा संवाद किया और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन भी हुआ, जिसमें विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों ने कलाकारों से फिल्म और उनके अनुभवों को लेकर सवाल किए। इस अवसर पर उन्होंने फिल्म से जुड़ी कई दिलचस्प और अनसुनी बातें साझा कीं। दर्शकों ने जोरदार तालियों और उत्साह के साथ कलाकारों का स्वागत किया और फिल्म को लेकर अपनी जिज्ञासा जाहिर की। इस प्रमोशनल इवेंट में बियानी ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज के पत्रकारिता, फैशन, लॉ और फार्मेसी विभाग के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। विद्यार्थियों ने न केवल फिल्म के कलाकारों से मुलाकात की, बल्कि अभिनय, निर्देशन और फिल्म प्रमोशन से जुड़े पहलुओं को भी नजदीक से समझा। राजकुमार राव ने बताया, 'मालिक' मेरी पहली थ्रिलर फिल्म है, जिसकी कहानी समाज से जुड़े कई अहम मुद्दों को उठाती है। हमें उम्मीद है कि यह फिल्म दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी। मानुषी छिल्लर ने अपनी जीवन यात्रा साझा करते हुए कहा, जीवन में अपने लक्ष्य को पाने के लिए जुनून और स्पष्टता जरूरी है। हमें अपने फैसले खुद लेने चाहिए और वही करना चाहिए जो हमें सही लगे, न कि जो दूसरे कहें। कार्यक्रम ने छात्रों को न सिर्फ एक स्टार-स्टडेड अनुभव दिया, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री की बारीकियों को समझने का अवसर भी प्रदान किया।

# जयपुर कॉट्योर शो का चौथा लुक लॉन्चः डिजाइनर्स ने पेश की नायाब कलेक्शन की झलक

## तीन डिजाइनर्स और मेकअप एक्सपर्ट ने बताया कि कैसे 11, 12 और 13 जुलाई को शो की है तैयारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर में फैशन के रंग बिखेरने जा रहे हैं। इसके लिए जयपुर कॉट्योर शो-2025 का चौथा लुक टोंक रोड स्थित क्लब ओसलो में किया गया। इस मौके पर तीन फैशन डिजाइनर्स और एक मेकअप एक्सपर्ट ने खास मेहमानों के सामने अपने-अपने लुक्स की झलक पेश की। लाइट्स, कैमरा और ग्लैमर से भरे आयोजन में जयपुर के फैशन प्रेमियों को आगामी शो की झलक देखने को मिली।इस दौरान फ्यूशिया से डिजाइनर आकांक्षा भल्ला, ब्रांड शिवायु और हेडमेन सलोन से एक्सपर्ट लुक लॉन्च में शामिल हुए और मॉडल्स के साथ अपने-अपने कलेक्शन व मेकअप की झलक पेश की। आकांक्षा ने बताया कि साड़ियों पर विशेष काम करते हुए नायाब कलेक्शन तैयार किया गया है, जिसकी झलक पेश की गई और पूरा सिक्वेंस व कलेक्शन शो में शोकेस किया जाएगा। वहीं शिवायु ने बताया कि हम इस शो से काफी समय से जुड़े हुए हैं और 2025 के लिए विशेष



कलेक्शन तैयार किया है, जिसे रैंप पर उतारा जाएगा। वहीं जेडी माहेश्वरी, राकेश राठी, रणवीर चौधरी, अजीत सोनी, पीएन डूडी, अनिल भट्?टर और अंकुर जैन ने भी लुक लॉन्च में शामिल होकर शो की जानकारी दी। शो फाउंडर-डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया कि 11, 12 और 13 जुलाई को शानदार फैशन शो मानसरोवर स्थित अलंकारा होटल्स एंड रिसोर्ट में आयोजित किया जाएगा। इस बार का शो पहले से कहीं ज्यादा भव्य और बड़े पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है।

**रैंप पर दिखेगा 80 मॉडल्स का जलवा**

गौड़ ने बताया कि तीन दिवसीय फैशन शो में 80 मेल और फीमेल मॉडल्स रैंप पर अपने स्टाइल और एटीट्यूड का जलवा बिखेरेंगे। इनमें राजस्थान के साथ-साथ देश के अलग-अलग हिस्सों से चुने गए प्रोफेशनल मॉडल्स होंगे। वहीं खास बात यह होगी कि रैंप पर 8 सेलिब्रिटी शो स्टॉपर्स होंगे, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

**ये सेलिब्रिटी होंगे रैंप पर:**

एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर, शैफाली बग्गा, रागिनी दिवेदी, रिवा अरोरा, मरयम जगीरा, ईशा शाह, मिताली नाग आदि सेलिब्रिटीज जयपुर आएंगे और जयपुर कॉट्योर शो का हिस्सा बनेंगे।

### फैशन डिजाइनर्स और मेकअप आर्टिस्ट्स ने दिखाई झलक

लुक लॉन्च के दौरान तीन प्रमुख फैशन डिजाइनर्स ने अपने कलेक्शन से कुछ आउटफिट्स प्रदर्शित किए, जो शो में शामिल होने वाले हैं। इनके डिजाइनों में पारंपरिक और वेस्टर्न फैशन का फ्यूजन देखने को मिला। साथ ही मेकअप एक्सपर्ट ने भी मॉडल्स पर डेमो के जरिए ट्रेंडिंग लुक्स की झलक पेश की। गौरव गौड़ ने कहा कि जयपुर अब केवल टूरिज्म और कल्चर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि फैशन इंडस्ट्री में अलग मुकाम बना रहा है। जयपुर कॉट्योर शो जैसे आयोजन शहर के उभरते फैशन टैलेंट को मंच देते हैं। आयोजकों के अनुसार शो ना सिर्फ मॉडल्स और डिजाइनर्स के लिए, बल्कि मेकअप आर्टिस्ट्स, फोटोग्राफर्स और फैशन एंथुजियास्ट्स के लिए अवसर होगा।

# एन.के. पब्लिक स्कूल में वृक्ष महोत्सव सप्ताह का भव्य आयोजन




हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** एन.के. पब्लिक स्कूल, आर्या नगर, मुरलीपुरा ने 1 से 7 जुलाई तक वृक्ष महोत्सव सप्ताह का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें से एक प्रमुख गतिविधि थी पेडल फॉर प्लैनेट साइकिल रैली। इस रैली में कक्षा ढ्ढ से ड्ड के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया। 7 जुलाई को आयोजित इस रैली को प्रबंधन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। छात्रों ने मुरलीपुरा क्षेत्र में साइकिल चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. एन.सी. लुनायच ने कहा, वृक्ष महोत्सव हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करता है और हमें पेड़ों के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करता है। यह आयोजन हमें अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराता है और हमें पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाता है। विद्यालय के निदेशक श्री कुलदीप सिंह ने कहा, इस तरह के आयोजन छात्रों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाते हैं और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझने में मदद करते हैं। हमें अपने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना होगा ताकि वे भविष्य में पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। विद्यालय की प्रिंसिपल मिस चित्रा राजे बसेरा ने कहा, हमारे विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। हमें विश्वास है कि इस तरह के आयोजन हमारे छात्रों को पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर सलाहकार श्री वी.एन. त्रिवेदी और समन्वयक डॉ. नाहिद खान भी उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह की प्रशंसा की और उन्हें पर्यावरण संरक्षण में निरंतर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। वृक्ष महोत्सव सप्ताह के दौरान विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें पौधारोपण, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा शामिल थी। इन गतिविधियों ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझने और उसमें अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया कर्पूरीग्राम स्टेशन के उन्नयन कार्य का शिलान्यास, दीघा ब्रिज हॉल्ट का निरीक्षण तथा 17.30 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा बिहार की रेलवे संरचना को आधुनिक और सुविधा-सम्पन्न बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज भारत सरकार में रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के कैबिनेट मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बिहार के समस्तीपुर मंडल स्थित कर्पूरीग्राम स्टेशन परिसर में कई महत्त्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया।

इस अवसर पर श्री वैष्णव ने सबसे पहले दीघा ब्रिज हॉल्ट का निरीक्षण कर वहां यात्री सुविधा, संरक्षा, साफ-सफाई, प्लेटफॉर्म की स्थिति, पेयजल, रोशनी एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी यात्रियों को आधुनिक और



सुरक्षित रेल अनुभव प्रदान करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

इसके उपरांत रेल मंत्री ने कर्पूरीग्राम स्टेशन परिसर में ?3.30 करोड़ की लागत से होने वाले स्टेशन उन्नयन कार्यों का शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत स्टेशन भवन का आधुनिकीकरण, प्रतीक्षालय, शौचालय, डिजिटल सूचना प्रणाली, पेयजल सुविधा, दिव्यांगजनों के लिए रैम्प एवं अन्य यात्री सुविधा कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कर्पूरीग्राम स्टेशन पर यात्री सुविधा से जुड़ी कई नवनिर्मित सुविधाओं का उद्घाटन भी किया।

रेल मंत्री श्री वैष्णव ने इसके पश्चात कर्पूरीग्राम और खुदीराम बोस पूसा स्टेशनों के बीच स्थित समपार फाटक संख्या 59 %ष्ट% पर ?14.0 करोड़ की लागत से बनने वाले अंडरग्राउंड रेलवे सब-वे के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि यह अंडरग्राउंड रेलवे सब-वे के निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद स्थानीय वाहन यातायात को बड़ी राहत देगा और ट्रेनों की सुचारू आवाजाही में भी मदद मिलेगी, जिससे संरक्षा में वृद्धि होगी।

उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 11 वर्षों में भारतीय रेलवे द्वारा 33,000 किलोमीटर नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं, जो पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में कई गुना अधिक है। यह कार्य न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत करता है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति देता है। रेल मंत्री ने यह स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार बिहार जैसे राज्यों को 'विकसित भारत' की परिकल्पना में भागीदार बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर राज्य मंत्री (कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय) श्री रामनाथ ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, रेलवे अधिकारी, और बड़ी संख्या में आम नागरिकों की उपस्थिति रही।

# 11 से 19 दिसंबर तक राजस्थान की पुण्यभूमि जयपुर में मां बगलामुखी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर एवं श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने पिंकसिटी प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि 11 से 19 दिसंबर तक राजस्थान की पुण्यभूमि जयपुर में मां बगलामुखी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। आयोजन स्थल जयपुर में ही सुनिश्चित किया जाएगा, जिसकी घोषणा शीघ्र की जाएगी। यह नौ दिवसीय महायज्ञ सनातन धर्म की रक्षा और राष्ट्र विरोधी शक्तियों के समूल विनाश हेतु समर्पित रहेगा। यज्ञ में देसी नस्ल की गायों के घृत एवं शुद्ध हवन सामग्री का उपयोग होगा तथा शास्त्रोक्त विधियों का पालन किया जाएगा। श्रद्धालुओं को यज्ञ में आहुतियां प्रदान करने का अवसर भी प्राप्त होगा। गिरी जी महाराज ने कहा कि जब तक सनातन धर्म की रक्षा नहीं होगी तब तक मानवता की रक्षा की कोई कल्पना नहीं की जा सकती। सनातन की रक्षा से ही समाज, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा संभव है। महायज्ञ के माध्यम से एक व्यापक जनजागरण अभियान प्रारंभ किया जाएगा और राष्ट्रहित में कार्य करने वाले व्यक्तियों को संगठन से जोड़ा जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि 20 और 21 दिसंबर को दो दिवसीय गीता महाकुंभ का आयोजन भी किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता हवामहल विधायक महामंडलेश्वर स्वामी बालमुकुंदाचार्य जी करेंगे। इस महाकुंभ में देश-विदेश से संत-महात्मा, गीता मनीषी एवं धर्माचार्य भाग लेंगे। उद्देश्य होगा – भगवद्गीता के वास्तविक संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और सनातन धर्म व मानवता की पुनः स्थापना की प्रेरणा देना। गिरी जी महाराज ने यह स्पष्ट किया कि यह आयोजन पूर्णतः गैर-राजनीतिक रहेगा। किसी राजनेता की प्रशंसा या आलोचना नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम नेता बनाते हैं, नेता हमें नहीं बनाते, इसलिए बहन-बेटियों की रक्षा की जिम्मेदारी समाज की है, न कि केवल सरकार की। कठिन समय में गीता हमें कर्तव्य का बोध कराती है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा



## मुख्यमंत्री की सकारात्मक पहलः नागरिकों के लिए लाभदायक साबित हो रहे शिविर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**लूणकरणसर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सोमवार को चक जोहड़ ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में विभिन्न योजनाओं के लम्बित कार्य होथोहाथ होने से लाभार्थियों के चेहरों पर रोनक देखने को मिली। ग्राम विकास अधिकारी कृष्ण कुमार चौहान ने बताया कि सोमवार को चक जोहड़ ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में 16 विभागों के कर्मचारियों ने एक छत के निचे बैठक कार्य किया।उन्होंने बताया कि नरेगा में एकल नारी योजना के तहत पशु सेड के पांच प्रस्ताव, प्रधानमंत्री वंदना योजना के 9,विधुत समस्या के -2, प्रकरणों का निस्तारण किया गया। वहीं ग्राम पंचायत ने लम्बित 14 नामान्तरणो का हाथों हाथ निस्तारण किया।

**सत्यापन के अभाव में रुकी पेंशन तत्काल हुई शुरूः** चक जोहड़ शिविर में सत्यापन के अभाव में बंद हुई पेंशन के 9 प्रकरणों का पेंशन से जुड़ी सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर पेंशन तत्काल शुरू करने पर लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।इस अवसर पर शिविर प्रभारी बनवारी गुजर, सरपंच राजाराम झोरड़, ग्राम विकास अधिकारी कृष्ण कुमार चौहान सहित कृषि, विधुत, जलदाय, शिक्षा, राजस्व, आगनबाड़ी, महिला अधिकारिता, चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने दिनभर अपनी सेवाएं दी।

# नटराज डांस अकादमी का वार्षिकोत्सव 2025: नारी शक्ति और सांस्कृतिक समर्पण का अद्वितीय संगम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर स्थित नटराज डांस अकादमी द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव 2025 एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन के रूप में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम नारी शक्ति, भारतीय शास्त्रीय नृत्य, और समकालीन सांस्कृतिक मूल्यों का सुंदर समन्वय रहा। कार्यक्रम का निर्देशन व संकल्पना अकादमी की निदेशक मिस माया शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पं. विषम्बर जी द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई, जो %गेस्ट ऑफ ऑनर% के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की गरिमा में चार चांद लगाए प्रसिद्ध कथकाचार्य गुरु जय कुमार जी की उपस्थिति ने। मुख्य अतिथि के रूप में मिसेज इंडिया




ग्लैम 2024 पूनम गिदवानी उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्राओं की भावनात्मक व ऊर्जावान प्रस्तुतियों की सराहना की।

**विशेष प्रस्तुतियाँ:** इस वर्ष की प्रस्तुतियाँ नारी के विविध स्वरूपों पर केंद्रित रहीं – शक्ति, करुणा, समर्पण और चेतना। मंच पर तीन प्रमुख नाट्य-प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए- महाभारत की प्रस्तुति ङ्क जिसमें द्रौपदी चीरहरण और शकुनि की चालों को मंच पर जीवंत किया गया। कान्हा संवाद ङ्क एक मार्मिक दृश्य जिसमें मां कान्हा को सुलाने का प्रयास करती है, बाल लीलाओं से जुड़ा भावनात्मक प्रस्तुतीकरण। नमामि नटराज परफॉर्मेंस - जिसमें भगवान शिव के तांडव और शांत रूपों का ओजस्वी समर्पण प्रस्तुत किया गया। इस वार्षिक आयोजन में 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख नाम हैं - गौरांशी, आरवी, गर्विका, कीजू, अवनी,लक्षिता, भव्या,वैष्णवी, इलियाना, अन्विता, अंजनी,यशी, लावण्या, राजश्री, दारा,भूमि, वेदिता, अदिति, नावान्या, सेरा, आयुषी, मिष्टी, काव्या, श्रीनिका, गौरांगी, यामी, चार्वी, उत्साह आदि। इनमें से 50 छात्राओं द्वारा विशेष डांस परफॉर्मेंस प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। नटराज डांस अकादमी ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि वह भारतीय शास्त्रीय कला को नई पीढ़ी तक पहुँचाने में सशक्त भूमिका निभा रही है।

# राजकुमार राव ने जयपुर पर किया राज; राज मंदिर बन गया मालिक का राज मंदिर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मालिक का राज पूरे देश में जारी है। लखनऊ में धमाकेदार टाइटल ट्रैक लॉन्च के बाद, अब भौकाल मचाने मालिक की टीम जयपुर पहुँची, जहाँ उन्होंने फैन्स को दीवाना कर दिया और प्रतिष्ठित राज मंदिर थिएटर को फिल्म की रिलीज़ तक के लिए मालिक का राज मंदिर में बदल दिया। राजकुमार राव, मानुषी छिल्लर और निर्देशक पुलकित पूरी मालिक स्वैग के साथ पिंक सिटी पहुँचे, फैन्स से मिले और इस साल की सबसे रोमांचक एक्शन ड्रामा फिल्मों में से एक का माहौल बना दिया। मालिक 1980 के दशक के इलाहाबाद पर आधारित एक तीव्र एक्शन एंटरटेनर है। यह फिल्म महत्वाकांक्षा, ताकत और अस्तित्व की एक कड़वी कहानी पेश करेगी। यह उस दुनिया की कीमत दिखाती है, जहाँ बंदूक, लालच और वफादारी का राज चलता है। इस फिल्म का निर्देशन



पुलकित ने किया है, जो अपनी हार्ड-हिटिंग थ्रिलर्स और भावनात्मक ड्रामा पेश करने के लिए जाने जाते हैं। इसे टिप्स फिल्म्स के बैनर तले कुमार तौरानी और नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स के जय शेखरमणि ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। मालिक 11 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# आईडब्ल्यूटीसी 2025 में हुई टेक्नोलॉजी, सस्टेनेबिलिटी, संस्कृति, प्रिंसिपल्स ऑफ़ सक्सेस इन लाइफ एंड बिज़नेस पर चर्चाऐ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** क्लार्क्स आमेर, जयपुर में चल रहे दो दिवसीय इंटरनेशनल वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव (आईडब्ल्यूटीसी) 2025 का दूसरा दिन उत्साह, विचारों और नेटवर्किंग से भरपूर रहे। इवेंट गुरु, अरशद हुसैन ने बताया कि इस आयोजन में देश-विदेश से आए 500 से अधिक प्रतिष्ठित वेडिंग प्लानर्स, इवेंट मैनेजर्स और पर्यटन विशेषज्ञों की उपस्थिति रही जिन्होंने अलग अलग सत्रों में अपने वैश्विक अनुभवों को साझा किया। इसी कड़ी में प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता डॉ. जेडी मेहता ने अपने सत्र में श्रोताओं के लिए एक अत्यंत भावनात्मक और प्रेरक अनुभव साझा किया जिसमे उन्होंने उस अविस्मरणीय पल का वर्णन किया जब भारतीय भव्य शादी का आयोजन न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित वॉल स्ट्रीट पर किया गया। यह न केवल एक शादी थी, बल्कि भारतीय परंपरा, रंग, संगीत और भावनाओं का ऐसा संगम था, जिसने वॉल स्ट्रीट जैसे कॉर्पोरेट केंद्र




को भी कुछ समय के लिए स्थिर कर दिया। इस भव्य शादी समारोह में वॉल स्ट्रीट की गलियों को मयूर झांकियों, ढोल-नगाड़ों और घोड़ी पर सवार दूल्हे की बारात से जीवंत कर दिया। विदेशी मेहमानों से लेकर स्थानीय अमेरिकी दर्शकों तक ङ्क हर कोई इस संस्कृति और भव्यता से चमत्कृत रह गया। इस आयोजन ने भारतीय वेडिंग इंडस्ट्री की ग्लोबल अपील को रेखांकित किया और दिखाया कि कैसे हमारी परंपराएं विश्व स्तर पर मन को छू सकती हैं।

एक अत्यंत सामयिक और नवाचारपूर्ण सत्र में तीन महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई- 'टेक्नोलॉजी टेक वेड्डिंग्स', 'शादी की योजना में तकनीक की बदलती भूमिका', और 'विवाह स्थलों में सतत पर्यटन की नीतियाँ'। इस सत्र में विशेषज्ञों ने बताया कि आज की शादियाँ केवल पारंपरिक नहीं, बल्कि तकनीक के ज़रिए इनका स्वरूप पूरी तरह से बदल चूका है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल रियलिटी, लाइव स्ट्रीमिंग और डिजिटल वेडिंग इनविटेशन जैसे आधुनिक टूल्स अब वेडिंग प्लानिंग का अहम हिस्सा बन चुके हैं।डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की मदद से अब मेहमानों का प्रबंधन, वैयक्तिकृत शेड्यूलिंग और थीम आधारित डिज़ाइन पहले से कहीं अधिक सहज और प्रभावी हो गया है। सस्टेनेबल वेडिंग डेस्टिनेशन। इसमें स्थानीय संसाधनों का उपयोग, कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और पर्यावरण के अनुकूल सजावट जैसे उपायों पर विशेष ज़ोर दिया गया। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि कैसे वेडिंग इंडस्ट्री को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ बनाया जा सकता है। यह सत्र न केवल आधुनिक तकनीकी प्रवृत्तियों को सामने लाता है, बल्कि वेडिंग टूरिज्म को एक स्मार्ट और स्थायी दिशा देने की प्रेरणा भी प्रदान करता है। रितुराज खन्ना ने पार्थिप त्यागराजन से ÷प्रिंसिपल्स ऑफ़ सक्सेस इन लाइफ एंड बिज़नेस संवाद करते हुई बताया कि जीवन और व्यवसाय में सफलता पाने के आठ महत्वपूर्ण सिद्धांत हैं।

ये सिद्धांत न केवल एक व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारता है, बल्कि पेशेवर दुनिया में भी मजबूती से आगे

# आगरिया में जगह जगह गंदगी का आलम पंचायत बन रही मूकदर्शक



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटडी ।** भीलवाड़ा कोटडी उपखंड क्षेत्र की आसोप पंचायत के आगरिया ग्राम में पंचायत प्रशासन की उदासीनता के चलते गंदगी में रहने को विवश हे जानकारी के अनुसार आगरिया ग्राम के बुती मार्ग पर जगह जगह गंदा पानी आमर रास्ते में फ़ैल रहा है जिसे कीचड़ फैलने से राहगीर एवं वाहनधारी गिरकर चोटिल हो रहे हैं वहीं गंदगी फैलने से ग्राम में मौसमी बिमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है ग्राम के मोहल्ले में सी सी के अभाव में घरों का पानीं आम रास्ते में फ़ैल रहा है जिसे मौसमी बिमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है ग्रामीणो ने ग्राम के मार्गों से गंदगी हटाने के साथ ही आगरिया ग्राम में बुती मार्ग को भी दुरुस्त कराने की मांग की गई ।

# प्रदेशभर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं तत्काल समाधान के दिए निर्देश - दिया कुमारी



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी जी ने अपने कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, सड़क निर्माण, पेंशन, और प्रशासनिक मामलों से जुड़ी समस्याएं रखीं। उपमुख्यमंत्री ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। कई मामलों में तो मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

उन्होंने कहा जनता की समस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारी सरकार संवेदनशील और जवाबदेह प्रशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। जनसुनवाई के दौरान उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी शिकायत को अनसुना न किया जाए और तय समयसीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## बसेड़ी - बस स्टैंड के अभाव मे आमजन हो रहा है परेशान

**बसेड़ी।** कस्बे में रोडवेज बसों के खड़े होने को कोई भी स्थायी जगह आज तक उपलब्ध नहीं हो पा रही है। वर्तमान मे बसेड़ी - जग्नेर वाईपास मार्ग पर सडक पर खड़ी होकर सावरियों को बैठा रही रोडवेज बसें।। रोडवेज स्टाफ को आ रही हे काफी परेशानी। बसों को घुमाने तथा बैक करने मे रोडवेज स्टाफ को आ रही है काफी परेशानी। यात्रियों को सर्दी गर्मी बारिश के समय भी खुले मे बसों का इंतज़ार करना पड़ता हे। बसेड़ी - जगनेर बाईपास मार्ग पर दिनभर छोटे बड़े बाहनों का निरंतर आवागमन होता हे जिससे लोगो मे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ज्ञात हो कि बसेड़ी मार्ग पर चलने वाली बसों से प्रति वर्ष राजस्थान रोडवेज को प्रति वर्ष लाखों रुपये की आय होती है। पिछ्ले लगभग 15 वर्षों से बसेड़ी के नागरिकों द्वारा लिखित तथा मौखिक रूप से स्थानीय जनप्रतिनिधियों , को अधिकारियों तथा रोडवेज प्रशासन से बसेड़ी मे रोडवेज स्टैंड बनाये जाने की निरंतर मांग की जा रही है।

# नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष राजावत का मंडल बसई नवाब द्वारा किया स्वागत




» धौलपुर...कार्यक्रम में बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष राजावत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** भाजपा मंडल बसई नवाब द्वारा भाजपा मंडल संयोजक केजी तिवारी की अध्यक्षता में नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत का भव्य स्वागत समारोह कार्यक्रम हुआ संपन्न। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मुखर्जी, भारत माता व दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक हरिओम त्यागी एवं समारोह में पधारे सभी अतिथि, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम संयोजक दयाशंकर कटारा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया। जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में डॉ. मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज एक प्रखर राष्ट्र नायक, महान शिक्षाविद, संघनिष्ठ, जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती है। उन्होंने राष्ट्र प्रथम की नीति पर चलते हुए देश के उत्थान एवं प्रगति के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्यौछावर कर दिया। भारत की एकता एवं अखंडता के लिए अपने प्राणों के बलिदान देने वाले मुखर्जी को आज पूरा देश सम्मान के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है। अध्यक्ष ने सभी से मतभेद बुलाकर पार्टी हित कार्य करने के लिए कहा उन्होंने संगठन की संरचना को मजबूती से खड़ा करने के लिए सभी दायित्व वान कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। मंचासीन अतिथियों में प्रधान दुष्यंत बघेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन, महामंत्री मदन कोली, डॉ. मनोज शर्मा, कमल पहाड़िया, जिला मंत्री विजय त्यागी, विनय परमार, आनंद शर्मा जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि बाचाराम बघेल, गोपाल शर्मा, रामबाबू मुखिया, शशिकांत शर्मा, सुंदर सिंह त्यागी, केशव त्यागी, दिवाकर प्रजापति, सुभाष त्यागी, कुमर बघेल, गोरेलाल लोधा, खूबचंद कुशवाह, सियाराम कुशवाह, भगवान सिंह जाटव, बादल कुशवाह युवा नेता, राजेंद्र पाराशर, सतीश पाराशर, दीनदयाल लोधा, बिस्सा राम जाटव टीकम सिंह लोधा, पप्पू भगत, विजय त्यागी, शिवदत्त शर्मा , पवन शर्मा, रामू शर्मा, रेखा देवी, कृष्णकांत परमार, शिवराम सेठ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित युवाओं ने भाग लिया।

# आरयूएचएस में पोस्टमार्टम सुविधा शुरू - सभी रिपोर्ट्स होंगी ऑनलाइन




हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में आरयूएचएस अस्पताल में लगातार विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, ताकि सवाई मानसिंह अस्पताल पर भार कम हो तथा आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक और बेहतर विकल्प मिल सके। आरयूएचएस अस्पताल में विभिन्न सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में अब पोस्ट मार्टम सेवाएं भी प्रारंभ कर दी गई हैं। साथ ही ये सभी रिपोर्ट मेडलिपार पोर्टल पर ऑनलाइन तैयार होकर समय पर पुलिस थाने तथा न्यायालय में ऑनलाइन ही सबमिट होगी.इससे रिपोर्ट समय पर सबमिट होगी और रिपोर्ट की गोपनीयता भी बनी रहेगी। इसके लिए सभी संबंधित चिकित्सकों व स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है

चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि आरयूएचएस अस्पताल में पोस्टमार्टम की सुविधा नहीं होने से आरयूएचएस सहित आस–पास के अन्य निजी अस्पतालों से पार्थिव देह को जयपुरिया अस्पताल या एसएमएस अस्पताल ले जाना पड़ता था। ऐसे में मेडिको लीगल केस में पोस्टमार्टम में काफी समय लगता था। इससे परिजनों एवं संबंधित थाना पुलिस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए आरयूएचएस अस्पताल में ही पोस्ट मार्टम की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। इससे मेडिको लीगल केसों में पोस्टमार्टम समय पर हो सकेगा और परिजनों एवं पुलिस को सहूलियत होगी।

आरयूएचएस के अधीक्षक डॉ. महेश मंगल ने बताया कि हाल ही प्रतापनगर क्षेत्र की एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी तथा एक युवक की मृत्यु जहरीले पदार्थ के सेवन से हुई थी। ये दोनों मामले आरयूएचएस अस्पताल लाए गए थे। इन दोनों के शवों का पोस्ट मार्टम आरयूएचएस अस्पताल में ही किया गया।

उल्लेखनीय है कि एक अप्रेल से आरयूएचएस अस्पताल में मेडिको लीगल आउट डोर सुविधा एवं समस्त भर्ती मरीजों के मेडिको लीगल प्रकरणों में विशेषज्ञ राय की सुविधा प्रारंभ कर दी गई थी। अब मेडिको लीगल पोस्ट मार्टम सेवाएं भी अस्पताल में प्रारंभ कर दी गई हैं। इससे प्रताप नगर थाना क्षेत्र सहित आस–पास के क्षेत्र के लोगों को मेडिको लीगल सेवाओं के लिए अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। आरयूएचएस अस्पताल का https://medleapr.nic.in / पर रजिस्ट्रेशन भी कराया जा चुका है। यह पोर्टल मेडिको लीगल केसों के संबंध में व्यवस्थित एवं सुरक्षित सेवाएं उपलब्ध करवाता है।

# स्वामी शिवानन्द आश्रम मचकुण्ड पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई को मनाया जायेगा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** तीर्थराज मचकुण्ड स्थित स्वामी शिवानन्द आश्रम पर विक्रम सम्वत 2082, आषाढ़ शुक्ला पूर्णिमा 10 जुलाई गुरुवार को गुरु पूर्णिमा एवं विष्णु, रूद्र सहस्त्रार्चन महोत्सव पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जायेगा तथा इस सुअवसर पर गुरुचरण पादुका पूजन के साथ साथ अन्य विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए स्वामी शिवानन्द महाराज ने बताया कि 10 जुलाई गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर सर्व प्रथम गुरुचरण पादुका पूजन प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक किया जायेगा। यज्ञोपवीत एवं दीक्षा संस्कार प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक होगा। विष्णु, रूद्र सहस्त्रार्चन प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक तथा भगवन्नाम संकीर्तन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। तत्पश्चात 11 बजे से भोजन प्रसादी वितरण किया जायेगा जोकि सांय 8 बजे तक सम्पन्न होगा। इस अवसर पर महेशचन्द मंगल, रामचित्र शर्मा, देवकीनन्दन शर्मा, विनोद दुबे, अनुराग मुद्गल, वीरेन्द्रकुमार त्यागी, डी.पी.एस. कोठारी, आकाश शर्मा, दीपू शर्मा, राधेश्याम गर्ग, श्याम सुन्दर शर्मा, डॉ. रामलखन गोयल, अमित शर्मा सहित महाराज द्वारा 2011 से संचालित निःशुल्क आवासीय वेद विद्यालय के छात्र एवं काफी संख्या में शिष्य, प्रतिमाह लगाने वाले निःशुल्क चिकित्सा शिविर के लाभार्थी, श्री तीर्थराज मुचुकुन्द धार्मिक प्रन्यास के सदस्यगण एवं भक्तजन उपस्थित रहेंगे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत शिविरों का आयोजन जारी, यहां होगें अगले शिविर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राज्य सरकार सभी वर्गो युवा, महिला, किसान और गरीब के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। अन्त्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में वंचितों को वरीयता देते हुए राज्य सरकार 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी बताया कि पखवाड़े के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में अधिक से अधिक व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को पहुंचाया जा रहा है। जिला कलक्टर ने बताया कि 8 जुलाई को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत भैसेना के अटल सेवा केन्द्र में, तगावली के अटल सेवा केन्द्र में, सिंघावली बरेह के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत सेवरपाली के अटल सेवा केन्द्र में, कुदिन्ना के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत पिपरौन के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत मरैना के उप तहसील कार्यालय में, अनन्दापुरा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत बसईनवाब के अटल सेवा केन्द्र में, भदियाना के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सरमथुरा की ग्राम पंचायत गौलारी के अटल सेवा केन्द्र में, 9 जुलाई को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत मांगरौल के अटल सेवा केन्द्र में, जलालपुर के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत अजीतपुरा के अटल सेवा केन्द्र में, पंजूपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत नादनपुर के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत बसईघीयाराम के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत कुरैंधा के अटल सेवा केन्द्र में, पिपहेरा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सरमथुरा की ग्राम पंचायत धौंध के अटल सेवा केन्द्र में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# रेलवे सलाहकार समिति सदस्य ने स्टेशन का भ्रमण कर ली जानकारी



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** रेलवे सलाहकार समिति सदस्य विनोद अग्रवाल ने अमृत योजना में चल रहे निर्माण कार्य का रेलवे परिसर भ्रमण कर जानकारी ली। धौलपुर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य विनोद अग्रवाल ने बताया कि रेलवे अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार धौलपुर की नई बिल्डिंग का कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है व यात्रियों की सुविधाओं के लिए आठ एक्सेलरेटर व चार लिफ्ट लगाने का भी काम चल रहा है। जिस्से विकलांग व बुजुर्ग को अधिक फायदा मिलेगा। 12 मीटर का फुट ओवर ब्रिज भी बनाया जा रहा है। इस दौरान प्लेटफार्म पर संचालित हो रही कैंटीन का निरीक्षण किया। जिसमें रेलवे द्वारा स्विकृत पानी की बोतलें विक्रय करते हुए मिला व प्लेटफार्म पर ठंडे पानी के तीन वाटर कूलर चालू थे। साफ सफाई ठीक मिली और बताया कि बाड़ी रेल मार्ग पर 19 किलोमीटर गेज परिवर्तन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है जल्दी दो रेलवे स्टेशनों के लिए ट्रेन संचलित होने की संभावना है।

# जनसेवा ही संगठन की असली पहचान, कार्यकर्ताओं से एकजुटता का आह्वान : कर्नल राज्यवर्धन राठौड़



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने हाल ही में भारतीय जनता पार्टी की मंडल कार्यकारिणी के कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर जनसेवा, संगठन की मजबूती और विकास कार्यों को लेकर गहन और सार्थक चर्चा हुई। कर्नल राठौड़ ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का एक सक्रिय भागीदार है और संगठन की नींव कार्यकर्ताओं की निष्ठा, सेवा-भाव और समर्पण से ही मजबूत होती है। बैठक के दौरान, कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभव और मूल्यवान सुझाव साझा किए, साथ ही संगठनात्मक मजबूती और जनकल्याण के प्रति अपने अटूट समर्पण को दोहराया। इस संवाद में एकजुटता और सेवा का संकल्प प्रमुखता से गूंजा। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा हम सबका उद्देश्य एक ही है । उन्होंने आगे कहा कि जनसेवा को सर्वोच्च मानते हुए, हम विकसित झोटवाड़ा, विकसित राजस्थान और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष, बूथ स्तर के कार्यकर्ता, स्थानीय पदाधिकारी और कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आवेदन से सत्यापन तक सभी प्रक्रियाओं का सरलीकरण कर बनायें यूजर फ्रेंडली - अपर्णा अरोड़ा



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा ने कहा कि पेंशन, छात्रवृति सहित विभिन्न योजनाओं के आवेदन से लेकर सत्यापन की सभी प्रक्रियाओं का सरलीकरण कर उन्हें तकनीकी रूप से यूजर फ्रेंडली बनाया जाए ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन को तुरंत मिल सके। अरोड़ा सोमवार को अम्बेडकर भवन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, बाल अधिकारिता विभाग, विशेष योग्यजन विभाग एवं अनुजा निगम के प्रभारी अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने अधिकारियों को तकनीकी सपोर्ट के साथ लोगों की मदद करने के निर्देश दिए।उन्होंने विभिन्न योजनाओं का सिंगल इंटीग्रेटेड पोर्टल बनाते हुए सिटीजन ऐप विकसित करने के भी निर्देश दिए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने 3 घंटे की मैराथन बैठक लेते हुए सभी योजनाओं का पीपीटी प्रस्तुतीकरण देखा और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कम आवेदन वाली योजनाओं के प्रचार-प्रसार और जागरूकता संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण योजनाओं की स्वयं के स्तर पर भी मॉनिटरिंग करें। जिस स्तर पर भी प्रक्रिया को सरल किया जा सकता है उसे क्रियान्वित करवाने का प्रयास करें।

अरोड़ा ने कहा कि विभाग द्वारा ऐसा मैकेनिज्म विकसित किया जाए जिससे विभिन्न योजनाओं का आवेदन, सत्यापन सहित अन्य जांचें पंचायत स्तर पर ही हो सकें। उन्होंने कहा कि ब्लॉक और जिला स्तर पर होने से प्रकरणों में देरी होने की आशंका होती है। इस दौरान पालनहार, मुख्यमंत्री अनुप्रति योजना, बाबा साहब अंबेडकर आदर्श ग्राम योजना, स्वयं सिद्धा आश्रम, महाविद्यालय आवासीय छात्रावास, मुख्यमंत्री कन्यादान, वृद्ध कल्याण, मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल सहित पेंशन, छात्रवृति संबंधी विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट जानी। निदेशक आशीष मोदी ने कहा कि लाभार्थियों को कम से कम परेशानी के साथ योजनाओं का लाभ देना भी अधिकारियों का एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए।

इस दौरान अतिरिक्त निदेशक केसरलाल मीना, हरिसिंह मीना, सुमन पवार, वित्तीय सलाहकार अंजू सिंह, वीरेन्द्र सिंह, उप निदेशक दीपाली भगोतिया, अतिरिक्त निदेशक सुण्डाराम मीना, रीना शर्मा, अशोक कुमार, अरविन्द कुमार, चंद्रशेखर चौधरी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कुदिन्ना पंचायत समिति बाड़ी

क्रमांकः/ ग्रा.पं.कु./2025-26/10-17 दिनांक :- 28.06.2025

**विज्ञप्ति**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महानरेगा, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्ष में स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम 2017 के आमंत्रण की जानी है। बोली विशिष्टीया एवं शर्तें एवं आदि का विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है। जिनका एनआईबी नम्बरः ZDH2526A0248 यूबीएन नम्बरः ZDH2526GLOB00326 है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत कुदिन्ना
पं.समिति बाड़ी

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कुदिन्ना
पं.समिति बाड़ी


# महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने महावीर नगर द्वितीय में सुनी जन समस्याए



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सोमवार को वार्ड संख्या 87 महावीर नगर द्वितीय में जन समस्याओं को सुना और संबंधित शाखा के अधिकारियों को समस्याओं के तुरंत निस्तारण के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान उपायुक्त उद्यान, अधीक्षण अभियन्ता, अधिशाषी अभियंता सांगानेर, मुख्यालय, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं आमजन मौजूद रहे।

जनसुनवाई के दौरान स्थानीय नागरिकों एवं विकास समिति के प्रतिनिधियों ने महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं पार्क की चारदीवारी की मरम्मत, फुटपाथ की मरम्मत, योगाभ्यास हेतु डोम का निर्माण, पेयजल आपूर्ति के लिए टंकी निर्माण हेतु जलदाय विभाग को भूमि उपलब्ध कराना, पार्क का सौंदर्यीकरण, सड़कों पर हो रहे अस्थायी अतिक्रमण को हटाना, खुले में बने कचरे डिपो को स्थानांतरित करना, गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई करना आदि समस्याओं के बारे में अवगत करवाया जिसपर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि समस्त समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने बताया कि नगर निगम ग्रेटर जयपुर जनता के साथ संवाद रखते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु लगातार जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। निगम का उद्देश्य स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित जयपुर का निर्माण करना है पेड़ लगाना है, गार्डन डवलप करना है।

## संतों और मुनियों की वाणी समान रूप से प्रासंगिक

**जयपुर।** पाली जिले में सुमेरपुर के दुजाना में आचार्य भगवंत चिदानंद सूरीश्वर का दिव्य चातुर्मासिक प्रवेश सोमवार सुबह सादगीपूर्वक हुआ। प्रवेश उत्सव में आचार्य भगवंत चिदानंद सूरीश्वर जी म.स. का श्री जैन संघ दुजाना की ओर से सत्कार किया गया। इस दौरान मंत्री जोराराम कुमावत ने शिरकत कर महाराजश्री से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कुमावत ने कहा कि भारत देश साधु-संतों का देश है। यह देश अपने संतों और ऋषियों के अमर विचारों व दर्शन के कारण दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। भारतीय तीर्थंकरों, संतों और मुनियों की वाणी, उनकी शिक्षाएं विभिन्न युगों में समान रूप से प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि जैन संत की तप, तपस्या और कड़ी साधना करते हैं। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे जैन संतों का हमेशा आशीर्वाद मिलता है। उनके आशीर्वाद से ही मुझे जीवन जीने का ज्ञान मिलता है। इस दौरान परम पूज्य चिंतानंद सूरीश्वर, परम पूज्य लक्ष्मी विजय, परम पूज्य विद्या सागर का भी सत्कार किया गया। संघ के अध्यक्ष अरविंद राणावत ने स्वागत वक्तव्य दिया।

## गुलाब और कांटा

गुलाब तुम गुलाब हो, मैं जानता हूं,
तुम सुंदर-कोमल-मनमोहक मानता हूं।
मैं कांटा हूं, उपेक्षित-तिरस्कृत जानता हूं,
मैं किसी का भी प्रिय नहीं, मानता हूं।
उपवन की सुंदरता, है हम सभी से,
कांटे-फूल-पत्तियां,अंग उपवन के मानता हूं।
एक ही आधार से, जन्म मेरा-तुम्हारा ।
उपवन की रौनक है, तुमसे और हमसे।।
उपवन में जन्में हैं माली ने सींचा है।
चमन के लिए महत्व है हम सभी का।।
माना तुम सुंदर-सजीले हो
मनमोहक-कोमल-रंगीले हो।
खुशबू में नहाएं प्यारे सभी के हो,
सुंदरता के दंभ से पीले हो।
तुम में सभी की चाहत बसी है,
तेरी महक में सभी की खुशी है।
हर कोई चाहे तुम्हें, मानता हूं,
सभी के प्रिय हो,यह भी जानता हूं।
मेरा अस्तित्व प्यारा नहीं है,
कांटे को किसी ने सराहा नहीं है।
ना प्यारा किसी का, दुलारा नहीं हूं,
मैं कांटा हूं पर पराया नहीं हूं।।
फूलों का अस्तित्व, कांटों से जुड़ा है,
सुमनों की रक्षार्थ, कांटा खड़ा हैं।
चमन की रखवाली, कांटे ही करते हैं,
फूलों के खिलने का, आधार बनते हैं।।
कांटों में खुशबू-रूप-रंग नहीं है,
मेरा महत्व तुमसे कम भी नहीं है।
तू उपवन की सुंदरता, बढ़ाने खड़ा हैं,
तो कांटा भी उसकी, रक्षा में अड़ा है।

**सुखराम कोली**
पूर्व विधायक
बसेड़ी,
धौलपुर
राजस्थान



## संपादकीय

# पाकिस्तान के साथ-साथ चीन के मोर्चे पर भी भारत को चुनौती, संघर्ष के कई मोर्चों पर तैयारी की जरूरत



यह बात भी किसी से छिपी नहीं है कि पाकिस्तान और चीन की दोस्ती भारत की वजह से है। दरअसल, भारत दुनिया में तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है और चीन भविष्य की संभावनाओं को लेकर इससे चिंतित है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत के 'आपरेशन सिंदूर' की सफलता ने दुनिया को यह साफ संदेश दिया है कि सीमा पार से आतंकवाद को अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान भी अब दबी जुबान में यह स्वीकार कर रहा है कि चार दिन के सैन्य संघर्ष के दौरान भारत के लक्षित हमलों से उसे नुकसान झेलना पड़ा है। वह भी ऐसी स्थिति में जब चीन और तुर्किये न केवल कूटनीतिक, बल्कि तकनीकी और हथियारों की आपूर्ति में भी पाकिस्तान का सहयोग कर रहे थे। इस संघर्ष में चीन और तुर्किये की भूमिका पहले भी उजागर हो चुकी है, लेकिन अब भारतीय सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने खुलासा किया है कि चीन भारतीय सैन्य तैनाती की पाकिस्तान को सीधी जानकारी दे रहा था। यही नहीं, चीन ने पाकिस्तान के चेहरे का इस्तेमाल कर इस संघर्ष को अपने हथियारों के परीक्षण की प्रयोगशाला की तरह लिया। हालांकि, भारतीय सैन्य बलों की जवाबी कार्रवाई ने चीन के इस परीक्षण के नतीजों की सच्चाई भी सबके सामने ला दी है। चीनी हथियारों के हर वार को नाकाम कर भारत ने यह साबित कर दिया है कि उसके सुरक्षा कवच को भेदना इतना आसान नहीं है। मगर, पाकिस्तान को चीन और तुर्किये का साथ मिलने से यह बात भी साफ हो गई है कि भविष्य में भारत के लिए चुनौतियां और बढ़ेंगी, जिनसे निपटने के लिए कई मोर्चों पर तैयारी की जरूरत है। भारत दुनिया में तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है यह बात भी किसी से छिपी नहीं है कि पाकिस्तान और चीन की दोस्ती भारत की वजह से है। दरअसल, भारत दुनिया में तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है और चीन भविष्य की संभावनाओं को लेकर इससे चिंतित है। इसलिए वह कूटनीतिक तरीके से पाकिस्तान को अपने पाले में बनाए रखना चाहता है। संकट के दौरान पाकिस्तान की मदद करने से भी वह पीछे नहीं हटता है। इसके पीछे चीन के अपने निजी स्वार्थ निहित हैं। उधर, तुर्किये भी पाकिस्तान का मददगार बना हुआ है, लेकिन भारत को सीधे तौर पर तुर्किये से कोई खतरा नहीं है। चीन से चुनौती इसलिए है, क्योंकि पाकिस्तान की तरह उसके साथ भी भारत की सीमा लगती है। भारत और चीन को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) विभाजित करती है और चीन यहां पर घुसपैठ की नाकाम कोशिश करता रहता है। भारतीय सेना के उप प्रमुख के मुताबिक, सात से दस मई के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तान सिर्फ सामने नजर आ रहा था, पर्दे के पीछे चीन और तुर्किये उसे हरसंभव सहायता दे रहे थे। चीन अपने उपग्रहों का उपयोग भारतीय सैन्य तैनाती की निगरानी के लिए कर रहा था। बहरहाल, रक्षा मामलों में चीन और पाकिस्तान को अलग-अलग करके देखना सही नहीं होगा। 'आपरेशन सिंदूर' के बाद यह तस्वीर साफ हो गई है कि चीन और पाकिस्तान ने अपनी रक्षा रणनीतियों में गहरा तालमेल बना लिया है। जब कभी पाकिस्तान से भारत के सैन्य टकराव की स्थिति आएगी, चीन भले ही परोक्ष रूप से, लेकिन उसमें खास भूमिका निभाएगा। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए भारत को खुद को तैयार करना होगा। रक्षा उद्योग को अनुसंधान और विकास पर अधिक निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करना होगा, ताकि रक्षा मामलों में भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत किया जा सके। कूटनीतिक स्तर पर विभिन्न देशों से संबंधों को सुदृढ़ करने के प्रयासों में भी तेजी लानी होगी, ताकि जरूरत के समय उनका साथ मिल सके।

# गपशप करने से तनावमुक्त और तरोताजा हो जाता है मन, शायर गुलजार ने इसको लेकर कही है दिल खुश कर देने वाली बात

> अगर हमने कभी किसी को गपशप में डूबे हुए देखा हो तो गौर करने लायक बात यह होती है कि उनके चेहरे अलग ही आभा और जिज्ञासा से भरे हुए नजर आते हैं। कुछ देर से लेकर घंटों तक का पता नहीं चलता और वक्त खूबसूरती के साथ गुजरता है। हालांकि, गपशप को तीन प्रकार में विभाजित किया जा सकता है- तटस्थ, सकारात्मक या नकारात्मक। शोध हमें बताते हैं कि गपशप का अधिकांश हिस्सा तटस्थ होता है। यह दूसरों से जुड़ने के लिए सूचनाओं का आदान-प्रदान होता है। संसार में लगभग अस्सी फीसद गपशप तटस्थ होती है।



गपशप के समय न तो विषय की जरूरत होती है, न किसी तरह के शब्द सौंदर्य की। इसीलिए गपशप करते-करते नए तरह के विचार और नई-नई कल्पनाओं की उत्पत्ति भी सहज ही हो जाती है। गपशप दरअसल मानसिक या आत्मिक स्तर पर किसी के मिजाज को समझने का मीटर है। अगर हमने कभी किसी को गपशप में डूबे हुए देखा हो तो गौर करने लायक बात यह होती है कि उनके चेहरे अलग ही आभा और जिज्ञासा से भरे हुए नजर आते हैं। कुछ देर से लेकर घंटों तक का पता नहीं चलता और वक्त खूबसूरती के साथ गुजरता है। हालांकि, गपशप को तीन प्रकार में विभाजित किया जा सकता है- तटस्थ, सकारात्मक या नकारात्मक। शोध हमें बताते हैं कि गपशप का अधिकांश हिस्सा तटस्थ होता है। यह दूसरों से जुड़ने के लिए सूचनाओं का आदान-प्रदान होता है। संसार में लगभग अस्सी फीसद गपशप तटस्थ होती है। सकारात्मक बातचीत वह होती हैं, जब एक जैसे वातावरण में सबके मिलते-जुलते अनुभव हों। मिसाल के तौर पर किसी महंगे शापिंग माल से लौटकर वहां की खरीदारी या किसी रेस्तरां से लौटकर उसकी तारीफ पर गपशप। नकारात्मक गपशप किसी को बदनाम करने के लिए होती है। इससे दूर ही रहना चाहिए। हमें गपशप इतनी मजेदार क्यों लगती है? एक कारण यह है कि मनुष्य सामाजिक प्राणी है। दूसरे शब्दों में कहें तो लोगों को अपने समाज और परिचितों के जीवन में दिलचस्पी होती है। दरअसल, गपशप अगर नकारात्मक न हो तो यह गलत नहीं होती। अक्सर हल्की-फुल्की बातचीत करते-करते कुछ न कुछ उपयोगी और जरूरी जानकारी भी मिल जाती है। कुछ समय पहले एक फिल्म में संवाद सुना था कि यारों के साथ गपशप तन-मन को रूई-सा हल्का कर देती है। दार्शनिक लाओत्से तुंग ने कहा है कि जिस बात से जीवन सुंदर बनता है, वह करने में हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। गपशप एक प्रयासरहित बातचीत होती है, जो मन को तनावमुक्त करके तरोताजा करती चली जाती है। सकारात्मक हार्मोन का स्राव शुरू हो जाता है। जब भी हम किसी गपशप में शामिल होते हैं और निकटता की भावना महसूस करते हैं, तो मस्तिष्क 'डोपामाइन' या अच्छा महसूस कराने वाला रसायन छोड़ता है। तब बिना कोशिश के ही दिल से एक स्वाभाविक हंसी फूट पड़ती है। ताली भी खुद-ब-खुद बज जाती है। यह है गपशप का जादू। गपशप के समय न तो विषय की जरूरत होती है, न किसी तरह के शब्द सौंदर्य की। इसीलिए गपशप करते-करते नए तरह के विचार और नई-नई कल्पनाओं की उत्पत्ति भी सहज ही हो जाती है। गपशप दरअसल मानसिक या आत्मिक स्तर पर किसी के मिजाज को समझने का मीटर है। जो इंसान मजेदार गपशप करता है, वह न केवल अपना, बल्कि औरों का भी भला करता जाता है। मनोवैज्ञानिक एडलर के प्रयोग में गपशप एक औषधीय गुण से युक्त वार्तालाप है। इससे अनेक मानसिक-शारीरिक रोगों का बिना दवाई के इलाज हो जाता है। अक्सर देखा गया है कि हम सबके मिजाज का 'बैरोमीटर' बहुत कम अंतराल पर बदलता ही रहता है। कभी बिगड़ता है, कभी सुधरता है। इसे संतुलित करना चुनौतीपूर्ण लगने लगता है। मगर गपशप इस बदलते मिजाज को सकारात्मक खाद-पानी देकर उदासी और गतिहीनता को खत्म करती है। गपशप करते हुए बोली और शब्द के चलन और शैली वाले पहलू कुछ भी हों, इसमें शक नहीं कि थोड़े-थोड़े अंतराल पर की जाने वाली गपशप से मन का उत्साह जीवंत बना रहता है। सामाजिक जीवन के इतिहास में पहनने, ओढ़ने और गृह सज्जा को भले ही एक अतिरिक्त योग्यता की संज्ञा दी गई हो, मगर गपशप एक ऐसी आदत है, जो हमेशा ताजा रहती है। जाहिर है कि आपस में होने वाली कोई गपशप जब शुरू की जाती है तो बतरस की इस दिलचस्पी के केंद्र में अपने परिचित, शौक, सपने, अनुभव आदि होते हैं। एक अच्छी गपशप हमारे सोचने, बात करने और चीजों का विश्लेषण करने के तरीके को बदलने की शक्ति रखती है। हमसे गपशप करने वाले मित्र हमारा ध्यान शीघ्रता से आकर्षित करने के लिए चीजों को जटिल ढंग से बताने के बजाय सरस, नाटकीय और वर्णनात्मक ढंग से बताना पसंद करते हैं, जिससे मस्तिष्क में उत्तेजना की तीव्र प्रतिक्रिया होती है। दिमाग सतर्क हो जाता है।

कुछ लोग अलग-अलग तरह से किस्से सुनाते हैं, उनमें उपन्यास, कहानी, कविता-सा रस, नाटक, रहस्य, सूक्ति सुधा आदि कई शैलियों को समझने में उनसे सुनी हुई गपशप ही प्रवीण बना देती है। किस्सागोई करने वाले भी मुहल्ले की गपशप को बहुत बारीकी से समझते हैं और अपने कहने के अंदाज को बेहतर करते जाते हैं। जाने माने शायर गुलजार ने यह बात अपने साक्षात्कार में स्वीकार भी की है कि वे लोगों की गपशप को ध्यान से सुनकर उसे अपने गीतों में कहीं न कहीं शामिल करते रहते हैं। हर गपशप अपने अनूठे परिप्रेक्ष्य के साथ संपन्न होती है। अगर हम बातों के रसिया तथा औरों की गपशप को सुनने के भी शौकीन हैं, तो हमें अपना दृष्टिकोण बनाने में मदद मिलेगी। इस दुनिया में बहुत सारे लोग धीर-गंभीर चोले को पहनकर अपने इर्द-गिर्द खोखलापन बुन देते हैं। उनके लिए गपशप करना बेवकूफी और समय की बर्बादी है। ऐसे लोगों को अपनी मानसिक सेहत और गपशप करने वालों की हाजिरजवाबी की तुलना करनी चाहिए। सकारात्मक गपशप करने वालों के खिले चेहरे और साफ दिल उनसे कहीं अधिक ही सेहतमंद मिलेंगे।

# विकराल होता जलवायु परिवर्तन का संकट, बादल फटने से बाढ़ और भूस्खलन का खतरा

भारत को भी अब हाइड्रोजन सौर पन-पवन और परमाणु ऊर्जा की ओर बढ़ना चाहिए ताकि समूचे उत्तर भारत पर फैले जहरीली हवा और धूल के बादल छंट सकें। भारत में हर साल 16 लाख लोग वायु प्रदूषण से और छह लाख जल प्रदूषण से मरते हैं जो दुनिया में वायु प्रदूषण से मरने वालों का एक चौथाई और जल प्रदूषण से मरने वालों का आधा है। जून के दौरान इस साल इंग्लैंड और स्पेन में रिकार्ड गर्मी पड़ी। लंदन में तापमान 35 डिग्री था, जबकि स्पेन के दक्षिणी शहर कोर्दोबा में 41 डिग्री। स्पेन और पुर्तगाल के अन्य कई शहरों में भी पारा 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया। इटली, ग्रीस, फ्रांस और नीदरलैंड्स में भी भीषण गर्मी पड़ी। इस गर्मी से आठ लोगों की मौत हो गई और तुर्किये में दावानल से बचाने के लिए 50 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना पड़ा। यूरोप में गर्मी का मौसम जून से लेकर जुलाई और अगस्त तक रहता है। जून में मौसम वैसा रहता है जैसा उत्तर भारत में सामान्य तौर पर अप्रैल के दौरान रहता है। हालांकि इस बार दिल्ली में भी अप्रैल का महीना रिकार्ड गर्मी का रहा। दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में बादल फटने से बाढ़ और भूस्खलनों में 70 से अधिक लोग मारे गए और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा। जलवायु विज्ञानियों का कहना है कि यूरोप में धरती से उठती गर्मी को वायुमंडल पर बने उच्च दाब ने गुंबद की तरह घेर लिया था जिसे हीट डोम कहते हैं। जून की ग्रीष्म लहर उसी का परिणाम थी। इसी तरह के हीट डोम दो वर्ष पहले पश्चिमी अमेरिका, चीन और दक्षिणी स्पेन पर बने थे। कैलिफोर्निया की डेथ वैली में पारा 53.9 डिग्री और स्पेन में 46 डिग्री जा पहुंचा था। हीट डोम बनने और बादल फटने की घटनाएं वायुमंडल में गर्मी बढ़ने के साथ-साथ बढ़ती जा रही हैं। धरती का औसत तापमान औद्योगिक युग से पहले की तुलना में 1.36 डिग्री बढ़ चुका है। इसे 1.5 डिग्री से आगे बढ़ने से रोकने के लिए पेरिस की जलवायु संधि हुई थी। तापमान में हुई वृद्धि के एक चौथाई का जिम्मेदार अकेला अमेरिका है। फिर भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेरिस संधि से हाथ खींच लिया था। विज्ञानियों को आशंका है कि चीन समेत बाकी देश जिस गति से अपना गैस उत्सर्जन घटा रहे हैं उससे धरती का तापमान 1.5 डिग्री पर नहीं रुक पाएगा। वह 2.7 डिग्री तक बढ़ जाएगा, जिसके भयावह परिणाम होंगे। नेचर पत्रिका के अनुसार तापमान वृद्धि को यदि 1.5 डिग्री तक न रोका गया तो इसकी सबसे बड़ी कीमत भारत को चुकानी पड़ सकती है। भारत के करीब 60 करोड़ लोग भीषण गर्मी से प्रभावित होंगे। गर्मी बढ़ने से मिट्टी तेजी से सूखेगी जिसे नम रखने के लिए बड़ी मात्रा में भूजल निकालना होगा और उसके स्रोत सूखने लगेंगे। भारत दुनिया में गेहूं और धान का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। भूजल सूखने से उनकी उपज पर असर पड़ेगा। बागवानी, पशुपालन और मत्स्यपालन भी प्रभावित होंगे। औसत तापमान में एक प्रतिशत की बढ़ोतरी बादलों में सात प्रतिशत अधिक पानी भर सकती है। अधिक पानी से लदे बादलों के फटने की आशंका बढ़ जाती है। बादल फटने से भीषण बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है। भारत में हर साल दो से तीन हजार लोग बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में मारे जाते हैं। तापमान बढ़ने से हिमालय के ग्लेशियरों पर भी बर्फ की जगह पानी बरसने लगा है जिसकी वजह से वे तेजी से पिघल कर छीज रहे हैं। गंगोत्री ग्लेशियर ही 15-20 मीटर प्रति वर्ष की गति से छीज रहा है और पिछले तीस वर्षों में लगभग 700 मीटर छीज चुका है। कुछ अन्य ग्लेशियरों की हालत और भी चिंताजनक है। कई ग्लेशियरों की बर्फ पिघलने से झीलें बन गई हैं, जिनके टूटने से बाढ़ आने का खतरा बना रहता है। गत मई में स्विट्जरलैंड का बर्च ग्लेशियर टूटने से उसकी तलहटी में बसा गांव ब्लाटन उसके मलबे में दब गया था। ग्लेशियरों के पिघलने से बाढ़ और भूस्खलन हो रहे हैं और इनके सूखने पर गंगा जैसी सदानीरा नदियां भी बरसाती नदियों में बदल सकती हैं और जलसंकट पैदा हो सकता है। जलवायु परिवर्तन की विभीषिका की रोकथाम के लिए जो वैश्विक सहमति बनी थी वह पिछले कुछ वर्षों में कमजोर हुई है। पहले तो कोविड महामारी ने आर्थिक संकट खड़ा किया। उसके बाद यूक्रेन पर रूस के हमले से ऊर्जा और अनाज के दामों में आग लगी और महंगाई बढ़ी। इससे लोगों और सरकारों दोनों के बजट बिगड़ गए। रही-सही कसर ट्रंप ने पेरिस संधि से हाथ खींचकर, व्यापार जंग छेड़कर और विश्व व्यवस्था को अस्थिर बनाकर पूरी कर दी। जो अमेरिका लोकतांत्रिक देशों को चीन और रूस की तानाशाही के जोखिम से बचाता था, उसे ट्रंप ने जोखिम में बदल दिया। अमेरिका पर भरोसा करने वाले देशों को उम्मीद थी कि उसकी सुरक्षा के साए में वे जलवायु परिवर्तन की रोकथाम पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे, लेकिन उन्हें अपने संसाधन अपनी सुरक्षा को मजबूत करने और नए बाजार खोजने में लगाने पड़ रहे हैं। जलवायु परिवर्तन की तेज होती तपिश के बीच ही सरकारों को अपने बजट उस रक्षा सामग्री पर लगाने पड़ रहे हैं, जिसके निर्माण और प्रयोग से जलवायु परिवर्तन की गति और तेज होगी। गनीमत है कि एक तिहाई ग्रीनहाउस गैस छोड़ने वाला चीन स्वच्छ ऊर्जा और अक्षय ऊर्जा विकास के काम में लगा है। साइकिलों का देश अब बिजली की कारों, बैटरियों, स्वच्छ ऊर्जा और भविष्य की तकनीकों का सबसे बड़ा उत्पादक, निर्यातक और उपभोक्ता बन चुका है। भारत को भी अब हाइड्रोजन, सौर, पन-पवन और परमाणु ऊर्जा की ओर बढ़ना चाहिए, ताकि समूचे उत्तर भारत पर फैले जहरीली हवा और धूल के बादल छंट सकें। भारत में हर साल 16 लाख लोग वायु प्रदूषण से और छह लाख जल प्रदूषण से मरते हैं जो दुनिया में वायु प्रदूषण से मरने वालों का एक चौथाई और जल प्रदूषण से मरने वालों का आधा है। इसलिए 180 देशों की पर्यावरण प्रदर्शन तालिका में भारत 176वें स्थान पर है। यही हाल रहा तो भारत की जीडीपी का 6.4 से लेकर 10 प्रतिशत प्रदूषण की भेंट चढ़ने लगेगा। दो साल पहले हुए सर्वेक्षणों के अनुसार भारत के 85 प्रतिशत लोग जलवायु परिवर्तन से चिंतित हैं और 87 प्रतिशत चाहते हैं कि उसकी रोकथाम के उपाय किए जाने चाहिए। हमें यह भी समझना होगा जलवायु परिवर्तन कोई ऐसी जंग नहीं जिसे देश की सीमा पर सेना भेजकर जीत लिया जाए, बल्कि ऐसी जंग है जिसमें दुश्मन हमारे ही भीतर बैठा है जिसे निजी व्यवहार को बदले बिना नहीं जीता जा सकता।

# सरकारी बंगले पर रार, सुप्रीम कोर्ट को लिखना पड़ रहा पत्र

> सुप्रीम कोर्ट प्रशासन को धन्यवाद कि उसने पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ की ओर से सरकारी बंगला न खाली करने पर केंद्र सरकार को पत्र लिखा कि उनसे बंगला खाली कराया जाए। यह अभूतपूर्व है। दिल्ली अथवा देश के अन्य हिस्सों में सरकारी बंगलों में किसी को भी तय अवधि से ज्यादा रहने की सुविधा नहीं दी जानी चाहिए। ऐसा कुछ विशेष परिस्थितियों में ही हो सकता है और अतीत में होता भी रहा है।

सच तो यह है कि कई राज्यों की राजधानियों में न जाने कितने अपात्र लोग सरकारी बंगलों में रह रहे हैं। सरकारी बंगले राष्ट्र की संपत्ति हैं। किसी भी सरकार को इन्हें किसी को मनमाने तरीके से आवंटित करने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। अतीत में सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह के मामलों में सरकारों को आदेश-निर्देश दिए हैं लेकिन उन पर पालन शायद ही हो रहा होगा। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन को धन्यवाद कि उसने पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ की ओर से सरकारी बंगला न खाली करने पर केंद्र सरकार को पत्र लिखा कि उनसे बंगला खाली कराया जाए। यह अभूतपूर्व है। दिल्ली अथवा देश के अन्य हिस्सों में सरकारी बंगलों में किसी को भी तय अवधि से ज्यादा रहने की सुविधा नहीं दी जानी चाहिए। ऐसा कुछ विशेष परिस्थितियों में ही हो सकता है और अतीत में होता भी रहा है। यह ठीक है कि पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने आठ माह बाद भी सरकारी बंगला खाली न कर पाने के कुछ कारण गिनाए हैं और इन कारणों को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता, लेकिन इतना तो है ही कि उन्हें नैतिकता के उच्च मानदंडों का पालन करना चाहिए। इसलिए करना चाहिए, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के



मुख्य न्यायाधीश के तौर पर वे अपने फैसलों और फैसलों से इतर संबोधनों के जरिये नैतिक आचरण पर बल देते रहे हैं। सरकारी बंगला विवाद से उनकी प्रतिष्ठा को आघात पहुंचेगा। यह सही है कि वे सेवानिवृत्ति के बाद सरकारी बंगले में रहने के लिए तय किराया दे रहे हैं, लेकिन यह किराया कुल मिलाकर मामूली ही होता है और जिस इलाके में वे रह रहे हैं वह तो अति विशिष्ट क्षेत्र है। यह पहली बार नहीं है जब सरकारी बंगले को लेकर कोई विवाद उठा हो। इस तरह के विवाद पहले भी उठते रहे हैं। से सांसदों, पूर्व मंत्रियों की गिनती करना कठिन है जिन्होंने सांसद अथवा मंत्री न रहने के बाद सरकारी बंगला छोड़ने में आनाकानी की। कुछ नेताओं से तो जबरन बंगला खाली कराना पड़ा। यह भी एक तथ्य है कि कुछ नेता एवं पूर्व अधिकारी अथवा कथित विशिष्ट व्यक्ति सरकार की कृपा से लंबे समय तक सरकारी बंगलों में काबिज रहे। कुछ लोगों की ओर से यह भी कोशिश की गई कि उनके नेता की स्मृति संजोने के नाम पर उन्हें अथवा उनके स्वजनों को सरकारी बंगला सदैव के लिए आवंटित कर दिया जाए। दुर्भाग्य से ऐसे कुछ नेता अपनी कोशिश में कामयाब भी हो गए। ऐसा इसीलिए होता रहा, क्योंकि सरकारी बंगलों में किसे रहना चाहिए और किसे नहीं, इसके लिए जो नियम-कानून बने हुए हैं वे कुल मिलाकर कागजी ही अधिक हैं। इन नियमों पर सही तरीके से पालन मुश्किल से ही होता है। दिल्ली में केंद्र सरकार के बंगलों में अपात्र लोगों के रहने के किस्से तो चर्चा में आ जाते हैं, लेकिन राज्यों के ऐसे किस्से दबे-छिपे ही अधिक रहते हैं।

सच तो यह है कि कई राज्यों की राजधानियों में न जाने कितने अपात्र लोग सरकारी बंगलों में रह रहे हैं। सरकारी बंगले राष्ट्र की संपत्ति हैं। किसी भी सरकार को इन्हें किसी को मनमाने तरीके से आवंटित करने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। अतीत में सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह के मामलों में सरकारों को आदेश-निर्देश दिए हैं, लेकिन उन पर पालन शायद ही हो रहा होगा।

# बिहार में हुई हत्या की घटनाओं ने सामने ला दी सुशासन की हकीकत, लाचार हालत में राज्य की कानून व्यवस्था

> बिहार में बीते दो-तीन दिनों में हत्या की कई घटनाओं ने एक बार फिर मौजूदा सरकार के उन दावों को आईना दिखाया है, जिसमें वह अपनी सबसे बड़ी ताकत सुशासन और अपराध पर काबू करने को बताती रही है। विडंबना यह है कि जघन्य अपराधों के बढ़ते ग्राफ के बावजूद सरकार सब कुछ अच्छा होने के प्रचार पर जोर देती रही और दूसरी ओर जमीन पर हालत और बिगड़ती चली गई है।



बिहार में नीतीश कुमार की सरकार जितने वर्षों से सत्ता पर काबिज है, उतने में अब वह यह भी सफाई देने की हालत में नहीं है कि उसके कामकाज पर अतीत की छाया है। यह एक तरह से अपनी नाकामी को स्वीकार करने जैसा होगा। बिहार में बीते दो-तीन दिनों में हत्या की कई घटनाओं ने एक बार फिर मौजूदा सरकार के उन दावों को आईना दिखाया है, जिसमें वह अपनी सबसे बड़ी ताकत सुशासन और अपराध पर काबू करने को बताती रही है। विडंबना यह है कि जघन्य अपराधों के बढ़ते ग्राफ के बावजूद सरकार सब कुछ अच्छा होने के प्रचार पर जोर देती रही और दूसरी ओर जमीन पर हालत और बिगड़ती चली गई है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि शुक्रवार देर रात पटना के केंद्र में स्थित बेहद सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में शहर के एक कारोबारी की गोली मार कर हत्या कर दी गई और हत्यारा आराम से फरार भी हो गया। हत्या की घटना जिस जगह हुई, वहां से जिलाधिकारी का आवास और पुलिस थाना काफी नजदीक है। गौरतलब है कि पटना में जिस कारोबारी की हत्या की गई, करीब छह वर्ष पहले उनके बेटे को भी अपराधियों ने मार डाला था। एक अन्य घटना में शुक्रवार को ही राज्य के सीवान जिले के मलमलिया चौक पर अपराधियों ने सरेआम पांच लोगों को तलवार से काट डाला, जिसमें तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दो बुरी तरह घायल हो गए। ऐसा लगता है कि राज्य की कानून-व्यवस्था पूरी तरह लाचार हालत में है, अपराधी बेखौफ हैं और सरकार के हाथ में शायद कुछ भी नहीं रह गया है। वरना क्या वजह है कि जघन्य अपराध एक तरह से राज्य में आम होते जा रहे हैं और पुलिस या कानून का डर कहीं नहीं दिखता है। राज्य में हत्या की घटनाओं और इनकी प्रकृति को देखते हुए स्वाभाविक ही ये सवाल उठेंगे कि ऐसे में आम लोग अपनी सुरक्षा को लेकर क्या सोचें। बिहार में नीतीश कुमार की सरकार जितने वर्षों से सत्ता पर काबिज है, उतने में अब वह यह भी सफाई देने की हालत में नहीं है कि उसके कामकाज पर अतीत की छाया है। यह एक तरह से अपनी नाकामी को स्वीकार करने जैसा होगा। इसके बावजूद राज्य में अपराधों की तस्वीर पर जब भी सवाल उठते हैं, तो सरकार में शामिल दल अतीत के कथित 'जंगल राज' की याद दिलाने लगते हैं। यह पूछा जाना चाहिए कि मौजूदा दौर में राज्य में जघन्य आपराधिक घटनाओं की जो हालत है, अपराधी बेलगाम दिखते हैं, तो इसे किस तरह के राज के रूप में देखा जाएगा!





# कैप्टन कूल धोनी का 44वां जन्मदिन

## रांची में दोस्तों के साथ मनाया बर्थडे, केक काटने से पहले इजाजत भी ली, बोले- केक कट कर दूं

टीम इंडिया को अपनी कप्तानी में 3 ICC ट्रॉफी दिलाने वाले महेंद्र सिंह धोनी ने सोमवार को अपना 44वां जन्मदिन मनाया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें धोनी केक काटने से पहले दोस्तों से इजाजत लेते नजर आ रहे हैं। धोनी ने रांची स्थित अपने फार्महाउस पर करीबी दोस्तों के साथ बर्थडे सेलिब्रेट किया। वीडियो में दिख रहा है कि जैसे ही केक लाया जाता है, धोनी मुस्कराते हुए पूछते हैं, कट कर दूं? इस पर वहां खड़े एक दोस्त ने जवाब दिया %हां%। इसके बाद धोनी ने अपने सभी दोस्तों को केक खिलाया। तीन ICC ट्रॉफी जिताने वाले एकमात्र भारतीय कप्तान धोनी अब तक के एकमात्र भारतीय कप्तान हैं जिन्होंने भारत को तीन ICC ट्रॉफी, 2007 T20 वर्ल्ड कप, 2011 ODI वर्ल्ड कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जिताई हैं। उनके नेतृत्व में भारत टेस्ट में भी नंबर-1 टीम बना। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप उनके संन्यास लेने के बाद शुरू हुई। उन्होंने 2014 में टेस्ट से और 15 अगस्त 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन IPL में अब भी खेल रहे हैं।

## संजोग गुप्ता ICC के नए CEO बने: 2500 उम्मीदवारों में चुने गए, ओलिंपिक में क्रिकेट को रेगुलर खेल बनाने का लक्ष्य

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने संजोग गुप्ता को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया है। वे सोमवार से ही कार्यभार संभालेंगे। संजोग, ICC के इतिहास में 7वें CEO होंगे। यह सिलेक्शन ऐसे समय हुई है जब क्रिकेट ओलिंपिक की ओर आगे बढ़ रहा है।

ICC चेयरमैन जय शाह ने ऐलान करते हुए कहा, संजोग का खेलों की रणनीति और कॉमर्शियलाइजेशन को लेकर अनुभव, क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद करेगा।

2,500 उम्मीदवारों में चुने गए इस पद के लिए मार्च 2025 से 25 देशों से 2,500 से ज्यादा आवेदन आए। ICC की ॥क्रऔर रेम्यूनरेशन कमेटी ने 12 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया। अंतिम चयन नॉमिनेशन कमेटी ने



किया, जिसमें, ICC डिप्टी चेयर इमरान ख्वाजा, ECB चेयर रिचर्ड थॉम्पसन, श्रीलंका क्रिकेट प्रेसिडेंट शम्मी सिल्वा, BCCI सचिव देवजीत सैकिया शामिल थे। यहां ICC बोर्ड ने सर्वसम्मति से संजोग गुप्ता को चुना।

कौन हैं संजोग गुप्ता? संजोग गुप्ता वर्तमान में जियो स्टार में स्पोर्ट्स और लाइव एक्सपीरिएंस के CEO हैं। उन्हें इस फील्ड में 20 साल से ज्यादा का अनुभव है। संजोग ने करियर की शुरुआत पत्रकार के रूप में की थी। 2010 में वे स्टार इंडिया से जुड़े। 2020 में डिज्नी स्टार के स्पोर्ट्स हेड बने। 2024 में वाइकाम-18 और डिज्नी स्टार के मर्जर के बाद जियो स्टार स्पोर्ट्स के CEO बने। ICC चेयरमैन जय शाह ने क्या कहा? संजोग की मीडिया-एंटरटेनमेंट समझ बेहतरीन है। उनके पास क्रिकेट फैन की सोच को समझने की गहरी क्षमता है। हमारा लक्ष्य ओलिंपिक में क्रिकेट को रेगुलर खेल बनाना और क्रिकेट को कोर मार्केट से बाहर ले जाना है। संजोग इसमें अहम भूमिका निभाएंगे। यह मेरे लिए सम्मान की बात है- संजोग संजोग गुप्ता में कहा, यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मैं इस जिम्मेदारी को संभाल रहा हूं।

# विंबलडन क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं नंबर-1 एरिना सबालेंका, जर्मनी की लौरा सिगमंड भी जीतीं, मेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-3 जोड़ी उलटफेर का शिकार

विंबलडन के राउंड ऑफ 16 मुकाबलों में वर्ल्ड नंबर-1 एरिना सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। उन्होंने विमेंस सिंगल्स के मैच में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस को सीधे सेट में हरा दिया। मेंस सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर-5 टेलर फ्रिट्ज ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना लिया।

विमेंस सिंगल्स में 3 प्लेयर्स जीतीं वर्ल्ड नंबर-1 बेलारूस की एरिना सबालेंका न मर्टेंस को 6-4, 7-6 (7-4) के अंतर से हरा दिया। विमेंस सिंगल्स में उनके अलावा रूस की एनास्तासिया पाव्ल्यूचेंकोवा ने ब्रिटेन की सोनाय कार्टाल को 7-6 (7-3), 6-4 से हराया। वहीं जर्मनी की लौरा सिगमंड ने अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा को 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

मेंस डबल्स में नंबर-1 जोड़ी जीतीं मेंस डबल्स में अर्जेंटीना के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने क्वार्टर फाइनल में



जगह बना ली। दोनों की नंबर-1 जोड़ी ने चेक रिपब्लिक के पैट्रिक रिकल और पीटर नौजा की जोड़ी को 7-5, 7-6 (15-13) के अंतर से हराया। मेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-3 जर्मनी के



टिम पुट्ज और केविन क्राविट्ज की जोड़ी को उलटफेर का शिकार होना पड़ा। दोनों को ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजीकाता और नीदरलैंड के डेविड पेल की जोड़ी ने 6-2, 6-4 से हरा दिया।

अन्य मुकाबलों में ब्राजील के मार्सेलो मेलो और राफेल माटोस की जोड़ी ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। वहीं वर्ल्ड नंबर-10 जोड़ी मोनाको के ह्यूगो नायस और फ्रांचस एडोर्ड रोजर वैसलीन को भी जीत मिल गई।

मेंस सिंगल्स में फ्रिट्ज जीते मेंस सिंगल्स के में वर्ल्ड नंबर-5 अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को ऑस्ट्रेलिया को जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ वॉकओवर मिल गया। वॉकओवर के वक्त फ्रिट्ज 6-1, 3-0 से आगे थे। वहीं दूसरे मुकाबले में रूस के कैरेन खाचनोव ने पोलैंड के कामिल माजरेक को 6-4, 6-2, 6-3 से हरा दिया।

## बुलवायो टेस्ट में मुल्डर ने 367 रन बनाए: विदेश में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले प्लेयर

**हरारे, एजेंसी।** बुलवायो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन जिम्बाब्वे के खिलाफ साउथ अफ्रीका के कप्तान वियान मुल्डर ने 367 रन की ऐतिहासिक पारी खेली। लंच ब्रेक तक नाबाद रहने के बावजूद साउथ अफ्रीका ने अपनी पारी 626/5 पर घोषित कर दी, जिससे मुल्डर ब्रायन लारा के ऐतिहासिक 400 रन के रिकॉर्ड से 33 रन दूर रह गए।

मुल्डर के अलावा लुहान-डी-प्रिटोरियस ने 82 और डेविड बेडिंगम ने 78 रन की पारी खेली। जिम्बाब्वे से तनाका चिवांगा और कुंडे मतिजीमु को 2-2 विकेट मिले।

मुल्डर ने 297 गेंदों में ट्रिपल सेंचुरी पूरी की बतौर कप्तान अपना पहला टेस्ट खेल रहे वियान मुल्डर ने वीरेंद्र सहवाग के बाद सबसे तेज ट्रिपल सेंचुरी लगाई। सहवाग ने 2008 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 278 गेंदों में यह कारनामा किया था। मुल्डर ने अपनी पारी में 49 चौके और 4 सिक्स भी लगाए।

साउथ अफ्रीका के लिए सबसे बड़ा स्कोर मुल्डर, हाशिम अमला के बाद ट्रिपल सेंचुरी लगाने वाले दूसरे



साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज बने। उन्होंने अमला के 311 रन के रिकॉर्ड को भी तोड़ा। मुल्डर ने ब्लेसिंग मुजारबानी की गेंद को कवर के जरिए बाउंड्री मारकर अमला का रिकॉर्ड पार किया।

विदेशी जमीन पर सबसे बड़ी टेस्ट पारी मुल्डर का 367 रन अब विदेश में टेस्ट में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बन गया है। उन्होंने पाकिस्तान के हनिफ मोहम्मद का 1958 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया गया 337 रन का रिकॉर्ड तोड़ा। मुल्डर ने सनथ जयसूर्या (340), लेन हटन (364) और सर गैरी सोबर्स (365) जैसे दिग्गजों को भी पीछे छोड़ दिया।

## WTC पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर पहुंचा भारत:ऑस्ट्रेलिया वेस्टइंडीज को हराकर नंबर-1

टीम इंडिया ने 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) साइकल में पहली जीत दर्ज की है। भारत ने इंग्लैंड को एजबेस्टन टेस्ट में 336 रन से हराया। इस जीत के साथ भारत को 12 WTC अंक मिले और उनका पॉइंट परसेंटेज (PCT) 50.00 हो गया है। भारत अब WTC टेबल में इंग्लैंड के साथ तीसरे स्थान पर है। WTC पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया है। टीम ने वेस्टइंडीज को उन्हीं के घर पर लगातार 2 टेस्ट हराए हैं। ऑस्ट्रेलिया के 24 पॉइंट्स हैं। दूसरे नंबर पर बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट में हारने वाली श्रीलंकाई टीम है। श्रीलंका के 2 मैच में एक ड्रॉ और एक जीत के साथ 16 पॉइंट्स हैं।

WTC टेबल की सिचुएशन WTC 2025-27 की शुरुआत श्रीलंका-बांग्लादेश के पहले मैच से हुई। यह मैच ड्रॉ रहा था। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच हेडिंग्ले से इस सीरीज की शुरुआत की। टीम को में 5 विकेट से हार मिली थी।



न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका ने इस सीजन अभी एक भी टेस्ट नहीं खेला है। नीचे टीम के हिसाब से WTC पॉइंट्स टेबल...

ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर- 100त्न पॉइंट परसेंटेज, वेस्टइंडीज के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीत ली है, एक मैच बाकी है।

श्रीलंका दूसरे स्थान पर- 66.67% पॉइंट परसेंटेज, बांग्लादेश के खिलाफ 1 जीत और 1 ड्रॉ।

भारत और इंग्लैंड तीसरे और चौथे- संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। दोनों के 50.00% पॉइंट परसेंटेज हैं। सीरीज में अभी 3 मैच बाकी है।

बांग्लादेश पांचवें स्थान पर- श्रीलंका के खिलाफ एक ड्रॉ और एक हार के बाद बांग्लादेश 16.67% पॉइंट परसेंटेज के साथ पांचवें स्थान पर है।

वेस्टइंडीज छठे स्थान पर- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 मैच हारने के बाद वेस्टइंडीज 0 अंक के साथ छठे स्थान पर हैं।

न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका- अभी तक WTC 2025-27 साइकिल की शुरुआत नहीं की है।

**बर्मिंघम टेस्ट की 3 खास बातें...**

यह भारत की विदेशी जमीन पर (रनों के हिसाब से) सबसे बड़ी टेस्ट जीत है।

एजबेस्टन में पहली बार भारत ने कोई टेस्ट मैच जीता है।

शुभमन गिल पहले एशियाई कप्तान हैं, जिन्होंने बर्मिंघम में जीत दर्ज की है

**अगला टेस्ट:** लॉर्ड्स में मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में शुरू होगा। यह मुकाबला WTC टेबल में शुरुआती रेस को और रोमांचक बना सकता है। जसप्रीत बुमराह की वापसी और कप्तान शुभमन गिल की शानदार फॉर्म से भारत को मजबूती मिलेगी। टीम का लक्ष्य होगा कि वे इस जीत की लय को बरकरार रखते हुए तीसरी बार WTC फाइनल में पहुंचने का।

**व्यापार**

# टर्किश कंपनी भारत में एयरपोर्ट पर सर्विस नहीं दे सकेगी

### सुरक्षा कारणों से रोक को हाईकोर्ट ने सही माना, तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया था

**नई दिल्ली।** तुर्किये की ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो सर्विस कंपनी सेलेबी एविएशन की याचिका को आज यानी, 7 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।





याचिका में कंपनी ने अपनी सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती दी थी। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के हवाले से सेलेबी की मंजूरी रद्द की थी।

सवाल 1- सेलेबी एविएशन क्या है और भारत में इसका काम क्या था?

जवाब- सेलेबी एविएशन तुर्किये की कंपनी है, जो हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो सर्विसेज देती है। यानी, ये कंपनी हवाई जहाजों की लैंडिंग, पैसेंजर्स की हैंडलिंग, सामान की लोडिंग-अनलोडिंग और कार्गो मैनेजमेंट जैसे काम करती है। कंपनी के दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद, गोवा, कोचीन, और कन्नूर जैसे 9 बड़े हवाई अड्डों पर ऑपरेशन्स थे। कंपनी हर साल करीब 58,000 फ्लाइट्स और 5.4 लाख टन कार्गो को हैंडल करती थी। इसके 14,000 कर्मचारी भारत में काम करते हैं, जो सभी भारतीय हैं।

सवाल 2- सेलेबी की सुरक्षा मंजूरी क्यों रद्द की गई?

जवाब- केंद्र सरकार ने 15 मई 2025 को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के जरिए सेलेबी की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। इसका कारण नेशनल सिक्योरिटी बताया गया। भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में तनाव बढ़ा था। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर हमले किए थे।

इस दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया और भारत की कार्रवाई की निंदा की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस वजह से भारत सरकार ने तुर्किये से जुड़ी कंपनियों पर शक जताया। कुछ खबरों में ये भी दावा किया गया कि सेलेबी का तुर्किये के राष्ट्रपति की बेटी सुमेये एर्दोगन से कनेक्शन हो सकता है। हालांकि सेलेबी ने इन दावों को सिरे से खारिज किया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट में कहा कि सरकार को खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर ये फैसला लिया गया। उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा खास मामला बताया।

सवाल 3- सेलेबी ने कोर्ट में क्या दलील दी?

जवाब- सेलेबी ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर करके कहा कि सरकार ने बिना कोई नोटिस दिए, बिना सुनवाई के और बिना कोई ठोस वजह बताए उनकी मंजूरी रद्द की, जो गलत है। उनकी भारतीय इकाई पूरी तरह भारतीय कंपनी है और इसके सभी कर्मचारी भारतीय हैं। कंपनी ने बताया कि वो 17 साल से भारत में बिना किसी दाग के काम कर रही थी और अचानक मंजूरी रद्द करने से उसके 3,791 कर्मचारियों की नौकरी और निवेशकों का भरोसा खतरे में है। सेलेबी ने साफ किया कि उनका तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन की बेटी सुमेये एर्दोगन या उनकी कंपनी बायकार (जो ड्रोन बनाती है) से कोई लेना-देना नहीं है। सेलेबी के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि सरकार ने सिर्फ राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला दिया, लेकिन कोई ठोस सबूत नहीं दिखाया। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार ने कुछ जानकारी सीलबंद लिफाफे में कोर्ट को दी, जो सेलेबी को नहीं दिखाई गई, जो नेचुरल जस्टिस के खिलाफ है।

सवाल 4- दिल्ली हाईकोर्ट ने क्या फैसला सुनाया?

जवाब- 7 जुलाई 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस सचिन दत्ता ने सेलेबी की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सबसे ऊपर है और इस तरह के फैसले को कोर्ट में चुनौती देना मुश्किल है। कोर्ट ने कहा, बेटर सेफ दैन सॉरी यानी सावधानी बरतना ही बेहतर है। जस्टिस दत्ता ने सवाल उठाया कि क्या इस तरह के सुरक्षा से जुड़े फैसले को कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है और क्या सरकार को पहले नोटिस देना जरूरी था। कोर्ट ने सरकार की दलील को माना कि खुफिया जानकारी के आधार पर लिया गया फैसला राष्ट्रीय हित में था।

# 300 से 3 रू. आया जेपी एसोसिएट्स का शेयर

## अब अडाणी ग्रुप कंपनी को खरीद रहा, बड़े-बड़े प्रोजेक्ट बनाने वाली कंपनी कैसे हुई दिवालिया

**मुंबई।** अडाणी ग्रुप ने जयप्रकाश एसोसिएट्स को खरीदने के लिए सबसे बड़ी बोली लगाई है। इस खबर के सामने आने का बाद आज जेपी पावर का शेयर 20% चढ़कर 22.74 रुपए पर बंद हुआ। वहीं जेपी एसोसिएट्स के शेयर में 5% का अपर सर्किट लगा है। जयप्रकाश एसोसिएट्स को कभी भारत की बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर और रियल एस्टेट कंपनियों में गिना जाता था। लेकिन आज ये कंपनी भारी कर्ज के बोझ तले दबकर दिवालिया प्रक्रिया में फंस चुकी है। आइए, इस पूरे मामले को सवाल-जवाब के जरिए समझते हैंज

सवाल 1- जेपी एसोसिएट्स क्या करती है और मुसीबत में कैसे फंस गई?

जवाब- 1995 में बनी जेपी एसोसिएट्स रियल एस्टेट, सीमेंट, पावर, हॉस्पिटैलिटी और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे सेक्टरों में काम करती थी। दिल्ली-नोएडा जैसे शहरों में इसके जेपी विशटाउन जैसे बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स थे। लेकिन कंपनी ने अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए बैंकों और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस से भारी-भरकम कर्ज लिया। बात तब बिगड़ी, जब कंपनी इन कर्जों का ब्याज और किस्तें चुकाने में नाकाम रही। प्रोजेक्ट्स में देरी, मार्केट में मंदी, और मैनेजमेंट की कुछ गलतियां भी इसकी वजह बनीं। आखिरकार, 3 जून 2024 को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की इलाहाबाद बेंच ने कंपनी को दिवालिया प्रक्रिया में भेज दिया। फरवरी 2025 में कंपनी पर 55,493.43 करोड़ रुपए का कर्ज था। 2007 में इसे कंपनी के शेयर का भाव 300 रुपए के करीब था। आज ये 3 रुपए के करीब ट्रेड कर रहा है।

सवाल 2- ये दिवालिया प्रक्रिया क्या होती है?





जवाब- आसान भाषा में कहें तो, जब कोई कंपनी अपने कर्ज नहीं चुका पाती, तो उसे दिवालिया घोषित किया जाता है। इसके बाद इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड के तहत एक प्रक्रिया शुरू होती है, जिसमें कंपनी को या तो बचाने की कोशिश की जाती है या फिर उसकी संपत्तियां बेचकर कर्जदाताओं को उनका पैसा लौटाया जाता है। जेपी एसोसिएट्स के मामले में भी यही हुआ। कंपनी को बचाने के लिए कई कंपनियों ने बोली लगाई, ताकि इसे खरीदकर इसका बिजनेस फिर से पटरी पर लाया जा सके।

सवाल 3- जेपी एसोसिएट्स को खरीदने की रेस में और कौन-कौन हैं?

जवाब- अडाणी ग्रुप इस रेस में सबसे आगे चल रहा है। खबरों के मुताबिक अडाणी ने 12,500 करोड़ रुपए की बोली लगाई है, जिसमें से 8,000 करोड़ रुपए का एडवांस पेमेंट देने का वादा भी किया है। अडाणी ग्रुप को लगता है कि जेपी के सीमेंट, रियल एस्टेट और पावर सेक्टर के प्रोजेक्ट्स उनके बिजनेस को और मजबूत कर सकते हैं। खासकर नोएडा जैसे इलाकों में जेपी के अधूरे प्रोजेक्ट्स को पूरा करके अडाणी बड़ा फायदा उठा सकते है। अडाणी ग्रुप के अलावा कई और बड़ी कंपनियां भी इस रेस में थीं। इनमें अनिल अग्रवाल की वेदांता, डालमिया भारत सीमेंट, जिंदल पावर, और पीएनसी इन्फ्राटेक शामिल हैं।

सवाल 4- जेपी के कर्ज का क्या होगा?

जवाब- जेपी एसोसिएट्स पर करीब ?55 हजार करोड़ का कर्ज है। अगर अडाणी ग्रुप इसे ?12,500 करोड़ में खरीदता है, तो कर्जदाताओं को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

सवाल 5- आम लोगों पर इसका क्या असर होगा?

जवाब- जेपी एसोसिएट्स के कई रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स, खासकर नोएडा में, अधूरे पड़े हैं। हजारों लोग, जिन्होंने जेपी के फ्लैट्स में पैसा लगाया था, पजेशन का इंतजार कर रहे हैं। अगर अडाणी ग्रुप कंपनी को खरीदता है, तो उम्मीद है कि वो इन प्रोजेक्ट्स को पूरा करेगा, जिससे होमबायर्स को राहत मिल सकती है।

सवाल 6- जेपी के शेयरों का क्या हाल है?

जवाब- जेपी एसोसिएट्स के शेयरों की बात करें तो इनकी हालत काफी खराब रही है। जेपी एसोसिएट्स के शेयर अभी भी ट्रेडिंग रेस्ट्रिक्टेड हैं, यानी इनकी खरीद-बिक्री पर पाबंदी है। इसका प्राइस 3 रुपए के आस-पास है। दूसरी तरफ जेपी ग्रुप की दूसरी कंपनी जयप्रकाश पावर वेंचर्स के शेयरों में 7 जुलाई को 20त्न से ज्यादा की तेजी आई है। ये 22 रुपए के पार पहुंच गया। पिछले एक महीने में इसमें 28त्न से ज्यादा की तेजी आई है। इसका मार्केट कैप 15 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है।

**आज सोने-चांदी के दाम में गिरावट**

# सोना 284 रू. कम होकर 96,737 रू. प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी 1.07 लाख रू. किलो

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 7 जुलाई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 284 कम होकर ?96,737 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले इसका दाम 97,021 पर था। वहीं चांदी की कीमत 556



कम होकर 1,07,024 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,07,580 पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

***इस साल अब तक 20,575रू. महंगा हुआ***

सोना इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,575 रुपए बढ़कर 96,737 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 21,507 रुपए बढ़कर 1,07,024 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

### भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत

दिल्ली- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,440 रू. और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,250रू.
मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,290 रू. और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,100रू.
कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,290रू. और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,100रू.
चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,290रू. और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,100रू.
भोपाल- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,340रू. और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,150रू.

# जे सी आई बूँदी ऊर्जा एवं इथोस हॉस्पिटल द्वारा विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर



**बूंदी।** रविवार को रेडक्रॉस भवन, सामान्य चिकित्सालय परिसर, बूंदी में ईथॉस हॉस्पिटल, कोटा एवं जेसीआई बूंदी ऊर्जा के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए 150 से अधिक नागरिकों ने विभिन्न रोगों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। प्रोजेक्ट डायरेक्ट अंकिता अग्रवाल ने बताया शिविर में हृदय रोग, मधुमेह, हाई ब्लड प्रेशर, मस्तिष्क एवं नसों के रोग, दमा व चेस्ट संबंधित विकार, स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग, स्पाइन एवं ऑर्थोपेडिक लेप्रोस्कोपिक सर्जरी जैसी बीमारियों की जांच व सलाह दी गई। यह शिविर प्रातः 10:00 बजे शुरू होकर दोपहर 2:00 बजे तक चला।

**विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में शामिल रहे:** डॉ. ईश्वर चन्द्र मालव (हृदय रोग विशेषज्ञ),डॉ. राजेश गोयल (ऑर्थोपेडिक सर्जन),डॉ. मनीष मीणा (जनरल मेडिसिन),डॉ. बृजमोहन (टीबी एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ),डॉ. आशीष पेमावत (न्यूरोलॉजिस्ट),डॉ. गौरव मेहता (स्पाइन एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन),डॉ. मिली भारद्वाज (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ),डॉ. रोहित दाधीच (लेप्रोस्कोपी सर्जन),डॉ. अरुण मेवाड़ा (शिशु रोग विशेषज्ञ)

जे सी आई सदस्यो द्वारा सभी डॉक्टर्स का स्वागत किया गया. जे सी आई बूंदी ऊर्जा एवं ईथॉस हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि आगे भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि आमजन को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं आसानी से उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर जे सी आई अध्यक्ष अंशुल जैन, सचिव अंकिता नुवाल, कोषाध्यक्ष कविता नुवाल, पूर्व अध्यक्ष अनुकृति विजय, एकता जैन, प्रीती डोलतानी, रुची सोमानी, अमीषा अरोरा, आदित्य भंडारी, सुशील शर्मा, चंद्र प्रकाश दौराश्री आदि उपस्थित रहे.

# 'कवाई थर्मल पॉवर प्लांट के विस्तरण की जनसुनवाई सफलतापूर्वक सम्पन्न'

**प्रस्तावित 3200 मेगावाट अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट को लेकर ग्रामीणों ने दिखाई सक्रिय भागीदारी**

### अटरू तहसील के कवाई गाँव में जनभागीदारी के साथ हुई खुली चर्चा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बारां।** बारां जिले के अटरू तहसील अंतर्गत ग्राम कवाई में प्रस्तावित 3200 (4x800) मेगावाट अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट के विस्तार को लेकर सोमवार को जनसुनवाई का सफल आयोजन किया गया। यह जनसुनवाई पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु भारत सरकार पर्यावरण मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक 1533 दिनाँक 14 सितंबर, 2006 एवं उसके बाद के संशोधनों के प्रावधानों के अंतर्गत आयोजित की गई। इस परियोजना में पहले से संचालित 1320 मेगावाट संयंत्र में क्षमता वृद्धि की जाएगी, जिसे चरण-II के तहत मेसर्स अदाणी पॉवर लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित किया गया है। इस जनसुनवाई का आयोजन राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, झालावाड़ के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 14 सितंबर, 2006 एवं बाद के संशोधनों के प्रावधानों के अनुसार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखंड मजिस्ट्रेट, अटरू ओमप्रकाश चंदेलिया ने की, जिन्हें जिला कलेक्टर बारां रोहिताश्व सिंह तोमर द्वारा अधिकृत किया गया था। इस अवसर पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी अनुराग यादव सहित परियोजना से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों ने भाग लेकर परियोजना से संबंधित विषयों पर विचार साझा किए। साथ ही, नई पर्यावरणीय तकनीकों को अपनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण आकर्षण रहे। जनसुनवाई में पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने रोजगार, जल, वायु और हरियाली से जुड़े सवाल पूछे और परियोजना से संभावित सामाजिक व आर्थिक लाभों पर सुझाव रखे। साथ ही उन्होंने यह भी अपेक्षा जताई कि कंपनी द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़े क्षेत्रीय विकास कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए। अदाणी पॉवर लिमिटेड द्वारा बारां जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और आजीविका के क्षेत्र में कई सार्थक पहलें की गई हैं, जिनकी ग्रामीणों ने खुलकर सराहना की। हरित पर्यावरण कार्यक्रम के तहत 15 सरकारी व आवासीय विद्यालयों में सोलर पैनल लगाए गए हैं, जिससे 4500 से अधिक विद्यार्थियों को लगातार बिजली और बेहतर शिक्षा की सुविधा मिल रही है। इसके अतिरिक्त, शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए, नवोदय कोचिंग क्लासेस की शुरुआत की गई। वहीं, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 12 जिला अस्पताल और 24 घंटे एम्बुलेंस सेवाएँ शुरू की गईं।

# कलश वाटिका का हुआ विधिवत शुभारंभ



**बारां।** जैन नर्सिया मंदिर के मूल नायक भगवान श्री 1008 शान्तिनाथ भगवान की असीम कृपा से शाहाबाद रोड स्थित कलश वाटिका का शुभारंभ रविवार को किया गया। इस शुभारंभ अवसर पर प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यो ने सपत्नी एवं विशेष आमंत्रित सदस्य सपत्नी एवं. कलश वाटिका परिवार के साथ भक्तांमर पाठ व णमोकार मंत्र का जाप किया गया, जिसके बाद श्री-खंडेलवाल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विनोद बड़जात्या ने फीता काट कर कलश वाटिका का शुभारंभ किया। सभी ने कलश वाटिका संचालक प्रवीण जैन को बधाई दी एवं सभी सदस्यों ने साथ मिल कर कलश वाटिका परिसर में वृक्षारोपण किया साथ ही इन पौधों की देखरेख का भी संकल्प भी लिया। इस अवसर पर महिला सदस्यों के अलावा समाज के विनोद जैन, अनिल जैन,जिनेश पाटनी, कुषार्ग जैन, घीसा लाल जैन,विकास जैन, विवेक सोगानी,पप्पू पटौदी,संजय गोधा, रिंकू अजमेरा, प्रवीण जैन,संदीप जैन,अर्पित पटौदी, अभय पटौदी, शशिकांत जैन, प्रवीण अजमेरा, धर्मेश जयसवाल, दीपक जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# निक्षय मित्र ने किया 25 टीबी रोगियों को न्यूट्रिशन सर्पोट के रूप में राशन का वितरण



**बूंदी।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सोमवार को जिला क्षय रोग निवारण केन्द्र पर निक्षय मित्र बने ओम प्रकाश कुमावत (कुमावत इलेट्रिकल्स) द्वारा जिले के 25 टीबी रोगियों को न्यूट्रिशन सर्पोट के रूप में दाल, सोयाबडी, दलिया, तेल इत्यादि का वितरण किया गया। यह सुविधा उक्त 25 मरीजों को 6 माह तक दी जावेगी। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. कुलदीप मीना ने निक्षय मित्र बने ओम प्रकाश कुमावत का अभिनन्दन किया एवं उनके इस कार्यक्रम में जुड़ने की सराहना की। साथ ही डॉ. कुलदीप मीना ने कहा की जिले में और भी कोई व्यक्ति इस योजना से जुड़ना चाहता हैं तो निक्षय पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कर टीबी रोगियों की मदद कर सकता हैं। इस दौरान डॉ. योगेश शर्मा, धीरेन्द्र सिंह आसावत, शैलेन्द्र भारद्वाज, विशाल शर्मा, भैरूप्रकाश शर्मा, नरेश गौतम, मुस्तकीम बेहलीम, संजय खान, रजत, आदि उपस्थित रहें।

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा में शासन पहुंचा अंतिम पंक्ति तक, बना जनविश्वास का उदाहरण मौके पर निस्तारित हुए राजस्व प्रकरण, पोषण किट से टीबी मरीज हुआ लाभान्वित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**सवाईमाधोपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत सिनोली में एक महत्त्वपूर्ण जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर वास्तविक 'अंत्योदय' के भाव को साकार करना रहा। इस शिविर की में प्रशासनिक तत्परता, जनसुनवाई की संवेदनशीलता और योजनाओं की सीधी पहुंच के अद्भुत समन्व्य ने यह सिद्ध कर दिया कि जब शासन संकल्पित होता है, तो परिवर्तन जमीनी स्तरप पर स्पष्ट रूप से दिखता है।


**राजस्व प्रकरणों का त्वरित समाधन बना विश्वास की नींव:** इस शिविर में गौरी शंकर पुत्र कालू मीणा ने राजस्व अभिलेख में दर्ज अपने नाम को सम्मानजनक रूप में दर्ज करने हेतु एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। शिविर प्रभारी विनोद कुमार शर्मा (तहसीलदार, सवाई माधोपुर) ने इस मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए हल्का पटवारी एवं भू-अभिलेख निरीक्षक को निर्देशित कर मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई । शीघ्रता से प्रक्रिया पूर्ण करते हुए आवश्यक संशोधन राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर संशोधन की प्रक्रिया पूर्ण कर दी गई।

इसी प्रकार राकेश पुत्र हंसराज गुर्जर ने अपनी कृषि भूमि का पारस्परिक सहमति से विभाजन करवाने का निवेदन किया, जिस पर शिविर प्रभारी द्वारा तत्क्षण हल्का पटवारी और भू-अभिलेख निरीक्षक को मौके के अनुसार विभाजन तैयार करने के निर्देश प्रदान किए गए। मौके पर ही दोनों राजस्व प्रकरणों का समाधान कर, आवश्यक प्रविष्टियाँ राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज की गईं जिससे लोगों को राहत की अनुभूति हुई। इसके अतिरिक्त चिकित्सा विभाग की सहभागिता से टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई, जो भामाशाह की सहायता से संभव हो पाया। इससे न केवल मरीजों को पोषण सहायता मिली, बल्कि जनसहभागिता के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावशीलता भी उजागर हुई। शिविर में लाभ प्राप्त करने वाले सभी नागरिकों ने शासन की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सरकार वास्तव में गरीबों, वंचितों और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की सरकार है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार का आभार जताया। यह शिविर न केवल प्रशासनिक तत्परता का उदाहरण बना, बल्कि यह भी सिद्ध हुआ कि जब शासन संवेदनशीलता और सक्रियता के साथ कार्य करता है, तो आमजन का विश्वास और भागीदारी दोनों मजबूत होते हैं।

# रावला के चोक में लगे ट्रांसफार्मर से हो सकता है गम्भीर हादसा

### वार्ड वासियों द्वारा शिकायत के बाद भी नहीं किया गया ट्रांसफार्मर का क्षतिग्रस्त चबूतरा ठीक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बूंदी।** जयपुर विद्युत वितरण निगम बूंदी इतना लापरवाह हो रहा है की रावला के चोक में लगा ट्रांसफार्मर का चबूतरा लगभग एक वर्ष से क्षतिग्रस्त होने के बाद भी ठीक नहीं करवा गया। अभी बरसात का समय चल रहा है यह चबूतरा कभी भी गिर सकता है ओर बड़े हादसे को अंजाम दे सकता है। क्योंकि चबूतरा गिरते ही इस पर लगा हुआ ट्रांसफार्मर नीचे गिरेगा जो किसी के लिए भी मोत का कारण बन सकता है। वार्ड पार्षद मनीष सिसोदिया का कहना है कि कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों ओर उच्चाधिकारियों तक भी इस क्षतिग्रस्त चबूतरे के बारे में बताया जा चुका है लेकिन किसी भी अधिकारी के अभी तक जूं तक नहीं रेंगी। शायद अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। जिला प्रशासन को संज्ञान लेते हुए इस कार्य को प्रमुखता से करवाऐ। ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। सहायक अभियंता शहर ने बताया कि यह हमारी जानकारी में है ओर हमने इसके बारे में उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा दिया है यदि बरसात नहीं आई तो दो चार दिन में ट्रांसफार्मर का क्षतिग्रस्त चबूतरा ठीक करवा दिया जाएगा।

# बारां जिला कांग्रेस सेवादल ने बारां ज़िला प्रमुख उर्मिला जैन भाया का जन्म दिवस मनाया



**बारां।** सेवादल ज़िलाध्यक्ष शिवशंकर यादव के नेतृत्व में जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया का जन्म दिवस मनाया गया, जिसमें सर्वप्रथम जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया ने कोटा रोड़ स्थित स्वामी विवेक आनंद पार्क के सामने स्थित मंदिर में बालाजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद गौशाला में गौवंशों को चारा खिलाकर, हॉस्पिटल में फल वितरण किए और उसकी बाद पार्षद ओम राठी के बालाजी नगर स्थित निजी आवास पर आतिशबाजी करकर व केक काटकर सेवादल द्वारा जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सेवादल मुख्य प्रशिक्षक नासिर मिर्ज़ा, सेवादल प्रदेश सचिव अशरफ देशवाली, जिला मीडिया प्रभारी पार्षद ज़ाकिर खान, सफाई आयोग सदस्य सत्यनारायण भूमलिया, विधान सभा अध्यक्ष ओम वैष्णव, ब्लॉक अध्यक्ष लेखराज शर्मा, नगर अध्यक्ष रोहित गुर्जर, छात्र संघ महासचिव साजिद हुसैन व टीम, कुलदीप भुलाहेड़ी, पार्षद मयंक मथोडिया, जिला परिषद सदस्या मुकेश मीणा, लीलाधर वर्मा, जिलापरिषद सदस्य गजेन्द्र सुमन, आशाराम बैरवा, राजेंद्र गहलोत, राजेंद्र गोलू राठी, योगेंद्र मेहता, विजय बैरवा, नीरज यादव, सोनू वाल्मीकि, मुकेश गुर्जर, पूर्व पार्षद मुकेश सुमन, प्रदीप बैरवा, समाज सेवी नीरज पोरवाल, त्रिलोक जागिड़, दीक्षा सुमन आदि मौजूद रहे।

# सवाई माधोपुर विधायक एवं कृषि मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा ने की जनसुनवाई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**सवाईमाधोपुर।** सूबे के कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा आज अपने विधानसभा क्षेत्र के सवाई माधोपुर के दौरे पर रहे । जहाँ उन्होंने जिला मुख्यालय के फूल उत्कृष्टता केंद्र परिसर में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिये । कृषि मंत्री की जनसुनवाई के दौरान परिवादियों की जमकर भीड़ उमड़ी ,जिसके चलते कृषि मंत्री सुबह से शाम तक परिवादियों की समस्याएं सुनते रहे और एक एक समस्या को लेकर मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते रहे । मंत्री की जनसुनवाई के दौरान अधिकतर मानसून सत्र में जलभराव एंव अतिक्रमण की समस्याएं सामने आई ,बारिश के दौरान जगह जगह सड़क एंव कॉलोनी मोहल्लों में जलभराव की समस्या को लेकर कई परिवादियों ने मंत्री किरोडी लाल मीणा को शिकायत दर्ज कराई और पानी निकासी के उचित प्रबंध करने की मांग की ,जिस पर कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने एसडीएम सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुवे कहा कि बारिश के दौरान जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित किया जाए और पानी निकासी के उचित प्रबंध कर आमजन को राहत प्रदान की जाए ,साथ ही मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि बारिश के दौरान अधिकारी पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर रहे और जहाँ भी किसी भी तरह की दिक्कत हो वहाँ तुरंत प्रभाव से सहायता पहुंचाई जाये , साथ ही जलभराव वाली जगहों एंव बारिश के दौरान पानी की आवक अधिक होने पर खतरे वाली जगहों को चिन्हित करे और ऐसी जगहों पर सूचना बोर्ड लगाये एंव लोगो को जागरूक कर पानी वाली जगहों से दूर रहने की अपील के निर्देश दिये । ताकि बारिश के दौरान क्षेत्र में कोई अनहोनी घटना नही हो।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े



### शिविरों मै स्वास्थ्य विभाग की टीम दे रही आमजन को राहत, कर रही जागरूक - डॉ सामर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूँदी ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित हो रहे शिविरों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी रोगियों को निक्षय मित्रों के माध्यम से निक्षय पोषण किट वितरित करवाए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ओ पी सामर के निर्देशों पर आयोजित इन शिविरों के दौरान टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट के साथ आयुष्मान कार्ड प्रदान किये जा रहे है। इसी के साथ आसंक्रामक रोगों को लेकर स्क्रीनिंग, आयुष्मान ई केवाईसी कार्ड वितरण, निशुल्क दवा वितरण, एएनसी जांच, टीकाकरण जैसी सेवाएं भी शिविरार्थियों को प्रदान की जा रही है। सीएमएचओ डॉ.सामर ने सोमवार को बाड़ूँदा मै आयोजित शिविर का निरिक्षण किया ! उन्होंने बताया कि शिविरों का स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की ओर से भी नियमित रूप से सघन निरीक्षण किया जा रहा है। वहीं सभी कार्मिकों को शिविरों में समय पर उपस्थित होने और शिविर आयोजन तक मौजूद रहते हुए उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के निर्देश डॉ सामर ने दिए । शिविर मै मौके पर ही डॉ सामर ने लाभार्थियों को निक्षय पोषण पोषण किटों का वितरण किया और निर्देश दिए की प्रयास करे की शिविर मै जिले के आमजन लाभान्वित हो सकें। डॉ सामर ने शिविर मै मौसमी बीमारियों के नियंत्रण, मच्छरों की रोकथाम, एनसीडी स्क्रीनिंग, एएनसी, डिलीवरी, टीकाकरण, दवा और जांच उपलब्धता, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सहित विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए । उन्होंने बताया कि अनेक भामाशाहों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इन शिविरों में निक्षय पोषण किट का वितरण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डॉ सामर ने टीम को निर्देश दिए कि शिविरों में आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करे ।

डॉ सामर ने निरिक्षण के दौरान उपस्वास्थ्य केंद्र बाटूंडा के भवन निर्माण की भूमि का अवलोकन किया ! और कार्य प्रगति की जानकारी ली

# शहदरा बार के वकील हड़ताल पर, कोर्ट में पसरा सन्नाटा, न्यायिक काम काज ठप्प

### एन आई एक्ट की सभी डिजिटल कोर्ट राउज एवेन्यु कोर्ट में ट्रांसफर करने से नाराज है वकील -राजा भईया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**दिल्ली/सवाईमाधोपुर।** पूर्वी दिल्ली स्थित कड़कड़ डूमा कोर्ट की शहादरा बार एसोसिएशन के वकील पिछले सात दिनों से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख और दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया सहित बार की महिला मैंबर एक्जीक्यूटिव सुश्री लता भाटी एडवोकेट ,सचिव नरबीर डवास एडवोकेट,अतिरिक्त सचिव अवधप्रताप सिंह एडवोकेट ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कैन, कोषाध्यक्ष सुश्री ज्योति सिंह एडवोकेट आदि नेताओं ने बताया कि दिल्ली हाई कोर्ट ने सभी जिला अदालतों से चैक बाउंस केसों की सुनवाई कर रही सभी डिजिटल मैजिस्ट्रेट कोर्टों को एक साथ राउज एवेन्यु जिला न्यायालय में ट्रांसफर कर दिया है जिससे सभी वकीलों और पक्षकारों के साथ साथ गवाहों को भी अच्छी खासी परेशानी हो रही है और साथ ही यह न्यायिक क्षेत्रीय अधिकारिता का भी खुल्लम खुला उल्लंघन है जिससे काफी सारे वकीलों के सामने रोजी रोटी कमाने की भी समस्या पैदा हो गई है इन सभी भेजी गई डिजिटल कोर्टों को वापस सभी जिला न्यायलयों में स्थापित करने की मांगों को लेकर यहां के सभी वकील हड़ताल पर हैं जो पिछले तीन दिनों से यह हड़ताल भूख हड़ताल में भी बदल गई है जिसमें शहादरा बार एसोसिएशन से जुड़े वकील बारी बारी से क्रमिक भूख हड़ताल कर रहे हैं उपरोक्त सभी वकील नेताओं का कहना है कि चाहे जो हो वह अपनी वकील बिरादरी के साथियों की हक और अधिकार की आवाज को उठाने के लिए हमेशा अग्रसर रहेंगे और ये हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाएंगी आज वकीलों ने कोर्ट के मुख्य द्वार पर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया,हड़ताल में मुख्य रूप से वीरेंद्र गौड़, कुलदीप चौधरी,सचिन मावी, गुड्डू चौधरी, देवेश कुमार, रमाकांत दुबे राम , अमर चौहान, अमित तिवारी, साजीद अहमद खान,अनीस खान, राजेंद्र पाल सिंह, सुजीत चौबे, समीर कुमार ओझा , एस के कालरा, संवेद जमील, हिमांशु धामा, तुषार मित्तल एडवोकेट, सहित तमाम महिला वकील मौजूद रही।

# देवशयनी ग्यारस पर बाबा श्याम की निकली निशान यात्रा

**सवाईमाधोपुर।** देव शयनी एकादशी को राजनगर स्थित ओंकारेश्वर शिव मंदिर से खाटू श्याम जी के निशान यात्रा का आयोजन समस्त श्याम मित्र मंडल राजनगर की तरफ से बाबा श्याम को 20 वा निशान चढ़ाया गया निशान यात्रा में राज नगर केशव नगर और बाल मंदिर कॉलोनी की महिलाएं पुरुषों व बच्चो ने बढ़ चढ़कर निशान यात्रा में शामिल हुए निशान यात्रा राजनगर स्थित ओंकारेश्वर शिव मंदिर प्रांगण से पैदल चलकर रणथंभौर सर्किल होते हुए अग्रसेन नगर बाबा श्याम दरबार पहुंचकर बाबा श्याम को निशाना चढ़ाया गया व बाबा श्याम की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया,श्याम मित्र मण्डल कमेटी अध्यक्ष सदस्य सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि इसी महीने से बाबा श्याम निशान यात्रा में बाबा श्याम की झांकी ओर अखण्ड ज्योति भी निशान यात्रा में निरन्तर चलती रहेगी श्याम मित्र मण्डल राजनगर सदस्य,शेखर अग्रवाल, चंद्रमोहन गोयल, विनोद सोनी, श्री राम शर्मा, महेश अग्रवाल,, शिवम्



शर्मा, विजय सिंह सिसोदिया मुकुट बिहारी अग्रवाल,ने बताया कि निशान यात्रा में व्यवस्था को संभाल कर निशान यात्रा के आयोजन को सफल बनाया ।

# हमारी सरकार का खनन और पर्यावरण के मध्य संतुलन पर विशेष जोर : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री निवास पर खान विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य में प्रचुर मात्रा में खनिज संसाधन उपलब्ध हैं तथा खनन की अपार संभावनाएं हैं। इन संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग से न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा बल्कि स्थानीय रोजगार और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में खनन से राजस्व अर्जन के साथ खनन और पर्यावरण के मध्य संतुलन पर भी विशेष जोर दे रही है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के बेहतरीन सामंजस्य से प्रदेश में खनन के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हो रहा है।

शर्मा एवं केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर खान विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में असीम खनिज संपदा की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नए खनिज ब्लॉक्स की पहचान की जाए। साथ ही, नीलामी प्रक्रिया में तेजी लायी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केन्द्र सरकार से समन्वय करते हुए इस क्षेत्र में पर्यावरण क्लीयरेंस में भी गति लायी जाए जिससे समयबद्ध खनन सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 82 प्रकार के धात्विक एवं अधात्विक खनिज हैं जिनमें से 57 प्रकार के खनिजों का दोहन किया जा रहा है। राज्य की खनिज संपदा बहुमूल्य एवं दुर्लभ है। ऐसे में इस संपदा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे अधिक से अधिक उद्योगपति प्रदेश में निवेश करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा खनन नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जाए। इसके लिए इस क्षेत्र में अन्य राज्यों द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी अध्ययन करें।

केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि राजस्थान खनिज संपदा की दृष्टि से समृद्ध राज्य है। यहां बहुमूल्य एवं दुर्लभ खनिज की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में ग्रीन एनर्जी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए दुर्लभ खनिजों के सुनियोजित एवं तीव्र खनन पर विशेष बल दे रहे हैं। इस दिशा में राजस्थान की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

केन्द्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजस्थान खनन क्षेत्र में पारदर्शिता, स्थानीय विकास और निवेश आकर्षण के लिए उल्लेखनीय काम कर रहा है। परिणामस्वरूप हाल ही में देशभर में खनिज ब्लॉकों की नीलामी में अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए राजस्थान को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया था। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस क्षेत्र में और अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए प्रो-एक्टिव अप्रोच के साथ काम करें।

इससे पहले प्रमुख शासन सचिव खान टी. रविकांत ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य में खनन क्षेत्र में राजस्व के प्रमुख स्रोत, ब्लॉक्स की नीलामी तथा उनमें खनन संभावनाएं, राज्य के डीएमएफटी, एनएमईटी सहित विभिन्न कोयला एवं खान संबंधित प्रकरणों पर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत-अभिनंदन किया। इस अवसर पर केन्द्र एवं राज्य के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विद्युत चोरी के खिलाफ कार्यवाही: 15 वीसीआर मौके पर भर 11.75 लाख जुर्माना लगाया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» धौलपुर..छत पर अवैध जम्फर डालकर चोरी करते हुए

**धौलपुर।** जोनल चीफ अभियंता उमेश गुप्ता के आदेशानुसार अधिक्षण अभियंता जेवीवीएनएल राजेश कुमार वर्मा और अधिशासी अभियंता विवेक शर्मा के निर्देशन में सहायक अभियंता आनंद तिवारी और कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा और कनिष्ठ अभियंता ग्रामीण विशाल जायसवाल ने सोमवार को विद्युत चोरी के खिलाफ कठोर कार्यवाही करते हुए एसी और अत्यधिक लोड लेने वाले उपकरणों को सर्च कर 15 वीसीआर मौके पर ही भर कर करीब 11.75 लाख का जुर्माना लगाया गया। सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने मौके पर मौजूद लोगों से अपील की वे विद्युत चोरी न करें। प्रधानमंत्री द्वारा जारी प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में सोलर प्लांट लगवा कर योजना का लाभ ले कनेक्शन ले सकते हैं जिसमें सरकार द्वारा अनुदान दिया जा रहा है और सरकार द्वारा 300 यूनिट्स विभाग द्वारा एक दम फ्री मिलेगी। जिसका आमजन ज्यादा से ज्यादा फायदा लें। जिससे बिजली के बिल से राहत मिल सके। साथ ही लोगों से अपील की वे विद्युत चोरी न करें ये कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है जिन लोगों ने अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं लिया है वे अपनी फाइल लगाये और हाथों ही हाथ विद्युत मीटर कनेक्शन लें। साथ ही जिन उपभोक्ताओं के बिल जमा नहीं हे वे तुरंत अपना बकाया बिल जमा करवाए, जिस से अनावश्यक कारवाही से होनी वाली परेशानी से बच सके। तिवारी ने बताया कि जल्द ही ड्रोन द्वारा बिजली चोरों को पकड़ा जाएगा और बिजली चोरी पकड़ने के लिए ततैया मुखबिर तंत्र सक्रिय कर दिया गया है जल्द ही बहुत बड़ी बड़ी विद्युत चोरी को चिह्नित कर कठोर कार्यवाही की जाएगी साथ ही लोगों से कहा अगर किसी ने दूसरी बार चोरी की तो सीधे जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी साथ ही तिवारी ने बताया कि अब तक 198 विद्युत चोरों के खिलाफ विद्युत थाने में एफ आई आर दर्ज कराई जा चुकी हैं जिनसे पुलिस जुर्माना राशि वसूल रही है।आदतन विद्युत चोरों को अब जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही में वरिष्ठ टेक्नीसियन अवधेश शर्मा, रमेश लोधा, लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, गोपाल कुशवाह, मनोज, जगदीश, भूदेव शर्मा, कृष्णा, चित्र सिंह, अनीश खां, डालचंद आदि कर्मचारी साथ रहे।

# अधिवक्ता राजीनामा वार्ता करवाकर अधिकाधिक प्रकरणों का समय पर निस्तारण करवाएं - अरुण कुमार अग्रवाल

## जिला जज की अध्यक्षता में मीडियेशन ''फोर दी नेशन'' अभियान के तहत मध्यस्थ अधिवक्तागणों के साथ मीटिंग का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» धौलपुर...अवकाशगार में अधिवक्ताओं को निर्देश देते जिला जज अग्रवाल

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में उनके अवकाशागार में मीडियेशन ''फोर दी नेशन'' अभियान के तहत मध्यस्थ अधिवक्तागणो के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया।

मीटिंग में नालसा द्वारा मध्यस्थता 'राष्ट्र के लिए' अभियान (भारत के सभी तालुका न्यायालयों, जिला न्यायालयों और उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों को निपटाने के लिए 90 दिनों का मध्यस्थता अभियान) के तहत भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने नालसा और एमसीपीसी (सर्वोच्च न्यायालय) के सहयोग से उच्च न्यायालयों, जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, राज्य स्तरीय न्यायाधिकरणों और आयोगों के साथ-साथ अन्य अर्ध-न्यायिक मंचों में लंबित मामलों के लिए 90 दिवसीय व्यापक मध्यस्थता अभियान शुरू किया है। नालसा ने राजस्थान के सभी न्यायालयों में उक्त अभियान के सफल कार्यान्वयन के लिए अरूण कुमार अग्रवाल द्वारा जिले मे समस्त मध्यस्थ अधिवक्तागणों के साथ बैंठक ली और बैठक मे सभी मध्यस्थ अधिवक्ताओ को निर्देशित किया कि वे जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों से प्राप्त आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद मामले, ऋण वसूली मामले, बेदखली मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, वैवाहिक विवाद मामले, दुर्घटना दावा मामले, घरेलू हिंसा मामले, चेक बाउंस मामले, वाणिज्यिक विवाद मामले, अन्य उपयुक्त सिविल मामले आदि मध्यस्थ पत्रावली मे पक्षकारों के मध्य राजीनामा वार्ता करवाकर अधिक से अधिक प्रकरणो को समय पर निस्तारण सुनिश्चित करते हुए नालसा के उक्त पत्रांक की पालना सुनिश्चित करे।

मीटिंग में अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल के अलावा सचिव रेखा यादव एवं जिले के न्याय क्षेत्र के सभी मध्यस्थ अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह करेंगे धौलपुर विज्ञान केन्द्र का लोकार्पण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्यमंत्री और अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह 8 जुलाई मंगलवार को धौलपुर आएगें। सिंह मंगलवार को मध्यान्ह 12.30 बजे सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी द्वारा स्थापित धौलपुर विज्ञान केन्द्र का उद्घाटन करेगें। उसके उपरान्त टाऊन हॉल मचकुण्ड रोड़ में धौलपुर विज्ञान केन्द्र लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

# बीलपुर गांव में लोधा समाज ने किया भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» धौलपुर...भाजपा जिलाध्यक्ष का फूलों का हार पहनाकर स्वागत करते समाज के लोग

**धौलपुर।** बीलपुर गांव में लोधा समाज द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत का स्वागत किया गया। बीलपुर गांव में मनिया मंडल प्रवास के दौरान जिलाध्यक्ष राजावत ने अपने संबोधन में भाजपा की रीति नीति से अवगत कराया और सभी कार्यकर्ताओं और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की बात कही। साथ ही डबल इंजन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। लोधा समाज द्वारा जो स्नेह, सम्मान और आत्मीय स्वागत किया गया उसके लिए आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम संयोजक भाजपा जिला महामंत्री नवल लोधा व पंचायत समिति सदस्य बीलपुर ने अपने संबोधन में बीलपुर पंचायत के निडर और साहसी कार्यक्रताओं का आभार जताया। इस अवसर पर भाजपा नेता सोवरन सिंह गलेथा, दुष्यंत बघेल प्रधान सैंपऊ, धीर सिंह जदौन, कमल पहाड़िया, बाचाराम बघेल, मुकेश सक्सेना, पुष्पेंद्र राजावत, विवेक रावत, योगेश प्रताप सिंह, विनय परमार, आनंद शर्मा, मनोज शर्मा, नंदू शुक्ला, पंकज शर्मा, अतेंद्र सिंह लोधा, दीवान सिंह लोधा, अनिल लोधा, उत्तम सिंह, निहाल सिंह, कमल सिंह, दंगल सिंह, हरिसिंह, गोविंद लोधा, प्रताप सिंह, ज्ञानसिंह, राजमोहन मंगल परमार, दौलतराम लोधा, होतम सिंह, ऐदल सिंह, ओमप्रकाश लोधा, राजकुमार, गजेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थिति रहे।

# कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रहे - एसडीएम डॉ. शर्मा



» धौलपुर... नगर परिषद सभागार में प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित बीएलओ

## बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में जिलेभर में 3 जुलाई से 17 जुलाई के मध्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर बीएलओं का 50-50 के बैच में एक दिवसीय प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इसी क्रम में धौलपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। विधानसभा क्षेत्र धौलपुर में बूथ लेवल अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत सोमवार को नगर परिषद सभागार में हुई। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं एसडीएम डॉ साधना शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बीएलओ को मतदाता सूची से संबंधित कानूनी प्रावधान, फॉर्म भरने की प्रक्रिया, केस स्टडी, बीएलओ ऐप तथा वीएचए ऐप के माध्यम से ऑनलाइन फार्म भरने जैसे विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

पात्र मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करें। शिविर की शुरुआत में एसडीएम डॉ साधना शर्मा ने उपस्थित बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बीएलओ त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के उद्देश्य से अपने कार्यों का गंभीरता से निर्वहन करें और अद्यतन एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पात्र मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण उपरान्त प्रतिभागियों की वीडियो बाइट्स ली जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी के सोशल मीडिया हैण्डस पर ईसीआई एवं सीईओं राजस्थान को टैग करते हुए अपलोड किए गए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं एसडीएम डॉ साधना शर्मा ने बीएलओ दायित्वों को निष्ठापूर्वक निभाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने बीएलओ ऐप की उपयोगिता और निर्वाचन विभाग के दिशा-निर्देशों पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ को निर्वाचन से संबंधित कार्यों को समयबद्ध और जिम्मेदारी से पूरा करने तथा अपने पदीय दायित्वों को निष्ठापूर्वक निभाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण शिविर का संचालन प्रशिक्षक अतुल चौहान द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 जुलाई तक विभिन्न दिवसों में आयोजित किया जाएगा। शिविर में मास्टर ट्रेनर्स अतुल चौहान, देवेंद्र बघेला और बालमुकुंद बंसल द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपखंड कार्यालय के बृजमोहन कुलश्रेष्ठ, पुनीत, चुनाव मीडिया सेल स्वीप के व्याख्याता भगवान सिंह मीना सहित अन्य मौजूद थे।

# मृतक आश्रितों अनुकम्पा नियुक्ति के कनिष्ठ सहायकों की टंकण परीक्षा 11 जुलाई को

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** मृतक आश्रित अनुकम्पा नियुक्ति नियमों के तहत नियुक्त कनिष्ठ सहायक लिपिक ग्रेड द्वितीय की टंकण परीक्षा 11 जुलाई को आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष परीक्षा आयोजन समिति एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने बताया कि टंकण परीक्षा 11 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि टंकण परीक्षा हिन्दी में 24 शब्द प्रति मिनट एवं अंग्रेजी में 28 शब्द प्रति मिनट स्पीड रहेगी।



# चंबल बजरी के अवैध परिवहन पर तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, ड्राइवर फरार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देशन में सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित चंबल बजरी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। डीएसटी टीम और स्थानीय पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से बजरी से लदे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। कोतवाली थाना क्षेत्र में डीएसटी टीम प्रभारी प्रेम सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। पुलिस को देखकर चालकों ने सड़क पर ही बजरी गिरा दी और मौके से फरार हो गए। निहालगंज थाना पुलिस ने रीको एरिया में एक और ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। यहां भी ड्राइवर भागने में सफल रहा। पुलिस ने सभी वाहनों को जब्त कर वन्य जीव अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। दोनों थाना पुलिस फरार ड्राइवरों की तलाश कर रही है। कार्रवाई में डीएसटी टीम के हेड कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार और लोकेश शर्मा भी शामिल थे। पुलिस अवैध बजरी परिवहन को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है।

# विद्यार्थियों की वनस्पति शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षायें 11-12 जुलाई से

**धौलपुर।** राजकीय महाविद्यालय के स्नातक विज्ञान संकाय में वनस्पति शास्त्र विषय की द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के नियमित एवं पूर्व विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं महाविद्यालय में 11 एवं 12 जुलाई 2025 को प्रातः 9.30 बजे से आयोजित कराई जायेगी। सभी विद्यार्थी 10 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे वनस्पति शास्त्र विभाग में आकर अपना प्रेक्टिकल बैच एवं समय आवश्यक रूप से देखकर जाये। साथ ही परीक्षा के दिन अपना महाविद्यालय पहचान पत्र एवं प्रायोगिक परीक्षा की फाईल साथ लेकर आए।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**धौलपुर।** मनियां रेलवे स्टेशन के पास रविवार सुबह एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। मृतक की पहचान भरतपुर के रणजीत नगर निवासी देवगिरी पुत्र लाल (20) के रूप में हुई। सूचना मिलते ही जीआरपी थाना प्रभारी हजारीलाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को जिला अस्पताल की मॉर्चुयुरी में भिजवाया। जीआरपी ने मृतक के परिजनों को सूचित किया। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। जानकारी के मुताबिक युवक ललितपुर से भरतपुर जा रहा था। वह ट्रेन से गिरा या अन्य किसी कारण अन्य से उसकी मौत हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, 2 युवकों पर नशीला पदार्थ खिलाकर हत्या का आरोप

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» राजाखेड़ा..मोर्चरी के बाहर मौजूद परिजन

**राजाखेडा।** जिले के राजाखेड़ा थाना क्षेत्र के दलेलपुरा गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने गांव के दो युवकों पर नशीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

मृतक के पिता काशीराम की शिकायत के अनुसार रविवार को गांव के दो युवक उनके बेटे सतीश बघेल (32) को घर से ले गए थे। परिजनों का आरोप है कि इन युवकों ने सतीश को नशीला पदार्थ खिलाकर उसकी हत्या कर दी। राजाखेड़ा थाना प्रभारी रामकिशन यादव ने बताया कि परिजन सतीश के शव को धौलपुर अस्पताल लेकर आए। डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। शव को मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। मृतक का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

# वोटर लिस्ट की फिर से प्रकाशन की तैयारी, सभी मतदाताओं से भरवाए जायेंगे फॉर्म



» बाड़ी.. शिविर में प्रशिक्षण लेते अधिकारी

## बूथ लेवल अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा दिए गए निर्देश की पालना में सोमवार को बाड़ी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बूथ संख्या 1 से 52 तक के बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण शहर के पंचायत समिति मीटिंग हॉल में किया गया। जिसमें शिविर का शुभारंभ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम बाड़ी भगवत शरण त्यागी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार उत्तमचंद बंसल द्वारा किया गया। इस दौरान एक्सपर्ट ट्रेनर राजू खान और दीपक शिवहरे द्वारा प्रशिक्षण शिविर में मौजूद बूथ संख्या 1 से 52 तक के बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने बताया की ट्रेनिंग में सभी बूथ लेवल अधिकारियों को उनके कर्तव्य दायित्व और कार्य कुशलता की जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2026 से मतदाता सूचियां का पुनरीक्षण किया जा रहा है। जिसके तहत मतदाता सूचियां को जीरो लेवल से फिर से तैयार किया जाएगा। इसके अंतर्गत समस्त मतदाताओं से गणना प्रपत्र संकलित किए जाएंगे। जिससे वोटर लिस्ट का प्रारूप प्रकाशन और अंतिम प्रकाशन हो सके।

तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया कि प्रशिक्षण में बूथ लेवल अधिकारियों को प्रपत्र 6 जिसमें मतदाता सूची में नाम जोड़ने,प्रपत्र 7 मतदाता सूची से नाम हटाने,प्रपत्र 8 मतदाता सूची में प्रविष्टियों का संशोधन करने,नए पहचान पत्र बनाने, मतदाता सूची से नाम को एक भाग संख्या से दूसरी भाग संख्या में ट्रांसफर करने एवं अन्य जानकारियां दी गई। शिविर के अंत में निर्वाचन आयोग द्वारा जो टेस्ट पेपर भेजा गया उसको सभी बीएलओ ने लिंक के माध्यम से हल कराया गया। इस दौरान शिविर में मुकेश अग्रवाल, भारत भूषण भारद्वाज, दिनेश शर्मा, अमर सिंह परमार, सोनू शर्मा, राकेश शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. गुरूकृपा प्रकाशन प्रेस टीआईटी कॉम्पलैक्स मुरैना से मुद्रित एवं साई स्मार्ट सिटी,नगर परिषद ऑफिस के निकट,मचकुण्ड रोड,धौलपुर(राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/27740 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, प्रबंध संपादक जितेन्द्र सिंह रजौरिया।
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र धौलपुर न्यायालय होगा। फोन: 05642-224444, 224666, 224777 फैक्स: 223324 पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय संपादक जिम्मेवार